रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

adani
Foundation

# अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।




## हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**







## सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।

# एनआईए ने विशाखापटटनम जासूसी मामले में की 3 और गिरफ्तारी, आईएसआई को बेच रहे थे संवेदनशील जानकारी

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने कर्नाटक और केरल से 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए को शक है कि ये तीनों आरोपी पाक आईएसआई से जुड़े विशाखापट्टनम जासूसी मामले में संलिप्त हैं। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से मंगलवार को यह कार्रवाई की है। एनआईए को शक है कि यह तीनों पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स के संपर्क में थे और उन्हें देश से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर रहे थे।

## कहां से की गिरफ्तारी?

मिली जानकारी के मुताबिक, एनआईए ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार को वेथन लक्ष्मण टंडेल और अक्षय रवि नाइक को कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं, अभिलाष पी.ए. को केरल के कोच्चि से गिरफ्तार किया गया। अब तक एनआईए ने इस मामले में इन लोगों को मिलाकर कुल 8 गिरफ्तारियां की हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओ) के संपर्क में थे।



## पाकिस्तान भेज रहे थे संवेदनशील जानकारी

एनआईए की जांच के अनुसार, वे कारवार नौसेना बेस और कोच्चि नौसेना बेस पर भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा कर रहे थे और जानकारी के बदले पीआईओ से धन हासिल कर रहे थे। एनआईए ने अब तक दो फरार पाकिस्तानी गुर्गों सहित 5 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया है। ये केस मूल रूप से आंध्र प्रदेश काउंटर इंटेलिजेंस सेल, ने जनवरी 2021 में आईपीसी की धारा 120 बी और 121 ए, यूए (पी) अधिनियम की धारा 17 और 18 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत दर्ज किया गया था।

## जांच में हुआ ये खुलासा

एनआईए की जांच से पता चला है कि पाकिस्तानी नागरिक मीर बालाज खान, गिरफ्तार आरोपी आकाश सोलंकी के साथ, भारत विरोधी साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी के लीक से संबंधित जासूसी रैकेट में शामिल था। मीर बालाज और सोलंकी के अलावा, एनआईए ने मामले में एक और फरार पीआईओ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिनकी पहचान अलवेन के रूप में कई गयी है, जून 2023 में इस इस केस की जांच शुरू करने वाली एनआईए ने मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अमान सलीम शेख को जून 2023 में अरेस्ट किया था।

# अनंतनाग में दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार, सात किग्रा गांजा जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने सात किलोग्राम से अधिक गांजे के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समाज से नशे की बुराई को खत्म करने के प्रयासों के तहत उनकी टीम ने ब्रैड ऐशमुकाम में जांच के दौरान दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में पैठ नंबल निवासी फारूक अहमद लोन और याल में रहने वाले जफर अहमद भट हैं। उनके पास से 7.2 किलोग्राम भांग की भूसी और 256 ग्राम भांग पाउडर जैसा पदार्थ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके, उनके पास से प्रतिबंधित पदार्थ जब्त कर लिया गया है। ऐशमुकाम थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा, ड्रग तस्करों के खिलाफ हमारी लगातार कार्रवाई का उद्देश्य नशे की लत के इस खतरे को खत्म करना है।

# जेकेएसए ने रैगिंग और मारपीट मामले में सिद्धारमैया से की हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी श्रीनगर
www.dailypioneer.com




जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने बीजापुर के अल-अमीन मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले कश्मीर के एमबीबीएस छात्र की कथित क्रूर रैगिंग और मारपीट के मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से हस्तक्षेप की मांग की। जेकेएसए ने एक बयान में कहा कि कर्नाटक के बीजापुर में अल-अमीन मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले कश्मीर के अनंतनाग के एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र हामीम के साथ कॉलेज के वरिष्ठ छात्रों ने बेरहमी से रैगिंग की और शारीरिक हमला किया। एसोसिएशन ने इस मामले में सिद्दारमैया से हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया हम कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने, पीड़ित के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने और शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया, मंगलवार को शाम चार बजे के आसपास यह घटना शुरू हुई जब हमीम 2019 और 2022 बैच के बीच एक क्रिकेट मैच देखने के लिए कॉलेज के खेल के मैदान में गया, जिसके दौरान वरिष्ठों के एक समूह ने उसे अपमानित किया, उसे अल-अमीन सलाम करने, गाने गाने और अपने मनोरंजन के लिए नृत्य करने का आदेश दिया। बयान में कहा, 'उन्होंने उसे ज़बरदस्ती अपनी कार में बिठाने की भी कोशिश की। जब उन्होंने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि ऐसी मांगें अनुचित और कॉलेज के नियमों के खिलाफ थीं, तो स्थिति और अधिक अस्थिर हो गई। आसन्न खतरे को भांपते हुए, उसने घटना को रिकॉर्ड करने के लिए अपना फोन निकाला, यह उम्मीद करते हुए कि इससे उन्हें रोका जा सकेगा। इसके बजायआत्मरक्षा के इस कृत्य ने उन्हें और अधिक क्रोधित कर दिया। बयान में कहा गया है कि बाद में उस शाम, छह से आठ व्यक्तियों के एक समूह ने उनके छात्रावास के कमरे में धावा बोल दिया और उन पर बेरहमी से हमला किया। इसमें कहा गया उन्होंने उसे बार-बार पीटा, दबाव में माफी मांगते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए मजबूर किया और डरावनी धमकियां दीं। बयान में कहा गया है कि ऐसी घटनाएं शैक्षणिक संस्थानों के भीतर अनियंत्रित रैगिंग और दुर्व्यवहार की खतरनाक संस्कृति को उजागर करती हैं और तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग करती हैं। जेकेएसए ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसमें जोर दिया गया कि रैगिंग के खिलाफ एक मजबूत मिसाल कायम करने और शैक्षणिक संस्थानों में सभी छात्रों, विशेषकर गैर-स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोषी पाए जाने वालों को तुरंत विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जाना चाहिए।

# कोचिंग सेंटर्स के रेगुलेशन के सम्बन्ध में लाया जाएगा बिल: खींवसर

एजेंसी जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के चिकित्सा शिक्षा मंत्री गजेंद्र खींवसर ने विधानसभा में कहा है कि प्रदेश में कोचिंग सेंटर्स के रेगुलेशन के लिए जल्द ही बिल लाया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। खींवसर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स फॉर रेगुलेशंस ऑफ़ कोचिंग सेंटर के तहत प्रत्येक कोचिंग सेंटर में एक काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य है। इसी तर्ज़ पर प्रदेश में कोचिंग सेंटर्स के रेगुलेशन के लिए गाइडलाइन्स का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है एवं जल्द ही इस सम्बन्ध में बिल लाया जाएगा। जिससे कोचिंग सेंटर्स में काउंसलर की नियुक्ति पर निगरानी रखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश में 105 साइकोलॉजिस्ट एवं 270 काउंसलर की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके माध्यम से कोटा जिले में हो रहे आत्महत्या के मामलों को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 1889 एवं 14416 के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य की सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश में गत डेढ़ वर्ष में इस हेल्पलाइन नंबर पर 27 हजार कॉल्स प्राप्त कर उनकी काउंसलिंग की गई है। इससे पहले विधायक शांति धारीवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष में कोटा में कोचिंग प्राप्त कर रहे कुल 19 छात्रों ने आत्महत्या की है। छह जुलाई 2023 की विभागीय स्वीकृति द्वारा सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेंटर की स्थापना कर तीन पद क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं छह पद काउंसलर के सृजित करने की स्वीकृति जारी की गई थी। वर्तमान में नवीन चिकित्सालय कोटा में स्थित सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेन्टर में एक साइकोलॉजिस्ट एवं चार काउंसलर संविदा पर कार्यरत हैं। सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेन्टर में काउंसलिंग का कार्य साइकोलॉजिस्ट विभाग में पदस्थापित फैकल्टी, रेजीडेंट चिकित्सकों एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा संपादित किया जा रहा है।

# उदयपुर में दो दिवसीय मीरा महोत्सव का आयोजन आज से

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में साहित्य अकादमी, नयी दिल्ली और जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मीरा महोत्सव शुक्रवार से शुरू होगा। दो दिवसीय मीरा महोत्सव में देश भर के विद्वान, लेखक, समीक्षक और कलाकार भाग लेंगे। यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति और भक्ति परंपरा को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रदीप त्रिखा ने बताया कि विद्यापीठ के आईटी सभागार में होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार उद्घाटन सत्र से होगा। इस अवसर पर स्वागत भाषण साहित्य अकादमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश देंगे। आरंभिक वक्तव्य साहित्य अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य माधव हाड़ा प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव का उद्घाटन जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मीरा अध्ययन एवं शोध पीठ के अध्यक्ष कल्याण सिंह शेखावत बीज भाषण देंगे।

# आबकारी विभाग ने जनवरी में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश किया नष्ट, 762 मामले दर्ज

एजेंसी उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट करने के साथ 762 मामले दर्ज किये गये हैं। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। इसके तहत जनवरी माह में दो लाख 66 हजार 357 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 15292, देशी मदिरा की 5461, अवैध मदिरा की 5244, बीयर की 1064 बोतल सहित आठ किलोग्राम भांग एवं 15 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 762 मामले दर्ज करते हुए 589 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 15 दुपहिया वाहन, दो हल्के चार पहिया वाहन एवं दो भारी चार पहिया वाहनों सहित 19 वाहनों को सीज किया गया है।

# करौली जिले में गत तीन वर्षों में वन संरक्षण के 365 कार्य किये गए: शर्मा

**जयपुर।** राजस्थान के वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने विधानसभा में कहा कि करौली जिले में गत तीन वर्षों में वन संरक्षण के 365 कार्य किये गए हैं। शर्मा ने प्रश्नकाल में विधायक हंसराज मीना द्वारा इस संबंध में पूछे गए मूल प्रश्न का जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप वन संरक्षक करौली के अधीन रेंजों में 45 ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंध समितियां क्रियाशील हैं और उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र रणथम्भौर बाघ परियोजना द्वितीय करौली के अधीन 23 ईको डवलपमेंट कमेटी क्रियाशील हैं। उन्होंने गत तीन वर्षों में समितियों द्वारा किये गए कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा।



# नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य: शीला

**पटना।** बिहार की परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य है। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंडल प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान के लिये न्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडल ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक काम किए हैं उसकी चर्चा सिर्फदेश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में होती है। इस दिशा में हमारा बिहार अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है इसलिए अनाप-शनाप बयान देकर जनता को भटकाने में लगे हैं।



# सेना ने आग को कुपवाड़ा में आसपास के अन्य घरों में फैलने से रोका

**श्रीनगर।** सेना ने सीमावर्ती उत्तरी कश्मीर जिले कुपवाड़ा में आग लगने की एक घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया करते हुए और इसे आसपास के अन्य घरों में फैलने से रोक दिया। सेना ने बताया कि दोपहर तीन बजे के आसपास नौगाम के गांव पोथवारी के शाट मोहल्ले में मोहम्मद आरिफ खान के आवास में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी। सूचना मिलने पर ताज से सेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) को तुरंत तैनात किया गया, जो 13:30 बजे तक घटनास्थल पर पहुंची। कलामाबाद से फायर ब्रिगेड के साथ सैनिकों ने आग पर काबू पाने के लिये तेजी से काम किया, जिससे आसपास के घरों में इसे फैलने से रोका गया। सेना ने आग बुझाने, भीड़ प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, क्षति को कम करने और हताहतों की संख्या को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेना द्वारा समय पर किए गए हस्तक्षेप की स्थानीय निवासियों ने बहुत सराहना की। संपत्ति के नुकसान का आकलन जारी है। सेना आपात स्थिति में नागरिकों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और निवासियों से अग्नि सुरक्षा सावधानियों का पालन करने का आग्रह करती है।




# विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्य समिति बैठक रामगढ़ में 22 से होगी

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्य समिति की तीन दिवसीय बैठक 22, 23 एवं 24 फरवरी 2025 को रामगढ़ के गोला रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में होगी। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया बैठक में प्रांत एवं विभागों के पदाधिकारी, आयामों के प्रमुख, सभी जिलों से जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री सहित जिला टोली के लगभग 200 कार्यकर्ता भाग लेने वाले हैं। बैठक में समितियों का दृढ़िकरण, राष्ट्र, धर्म एवं संगठन के प्रति ध्येयनिष्ठा का विषय मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं के बीच रखा जाएगा। हिंदू मठ मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने एवं प्रयागराज की केंद्रीय बैठक में पारित अनेक प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर योजना बनाई जाएगी। साथ ही अगले माह होने वाले रामोत्सव एवं संगठन के अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री अंबरीश सिंह ,क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडे ,क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन में लगे पांच वाहन किए जब्त

एजेंसी श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अवंतीपोरा जिले में खनिजों की अवैध निकासी और परिवहन में इस्तेमाल किए गए पांच वाहनों को जब्त किया है। पुलिस ने जारी बयान कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अपने चल रहे अभियान के क्रम में, उसने ख्रेव, पंपोर में खनिजों की अवैध निकासी और परिवहन में शामिल पांच वाहनों को जब्त किया है। इसके अनुसार, पुलिस स्टेशन ख्रेव में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जनता से 112 डायल करके ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि अवैध खनन गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त उन्नत बीज उपलब्ध कराना ही बीज निगम का प्रमुख उद्देश्य: विशाल

**जयपुर।** राजस्थान राज्य बीज निगम के अध्यक्ष एवं शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने प्रदेश में अच्छी पैदावार के लिए उच्च गुणवत्ता एवं उन्नत किस्म का बीज जरूरी बताते हुए कहा है कि निगम इसके लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है, जिससे फसलों की उपज के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। विशाल ने बताया कि राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक मण्ड़ल द्वारा निगम की इक्विटी शेयर पूंजी पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10 प्रतिशत से घोषित लाभांश का 63 लाख 30 हजार रूपये राज्य सरकार को दिये जा रहे हैं। इसके अलावा निगम द्वारा राज्य सरकार को 2022-23 तक के लाभांश में से लगभग 12 करोड़ 66 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि राजस्थान स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23405.01 लाख रूपये का सकल कारोबार किया है।

# विकसित बिहार बनाने की दिशा में अग्रसर है राजग सरकार: उमेश

एजेंसी भभुआ
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विकसित बिहार बनाने की दिशा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अग्रसर है। कैमूर जिले के जगजीवन स्टेडियम में आयोजित राजग जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि पांचों दलों के तमाम कार्यकर्ता आपसी तालमेल स्थापित कर हरेक बूथ को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें। प्रदेश की समृद्धि और शांति के लिए राजग का सशक्त होना अति-आवश्यक है। कुशवाहा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव एवं चार सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव परिणाम से यह स्पष्ट तौर पर सिद्ध हो चुका है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष के पास जनहित के लिए न कोई नीति है और न ही उनके पास नेतृत्व। विपक्ष का काम अब केवल झूठ फैलाना रह गया है। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि कुमार ने 19 वर्षों के अपने अद्भुत कार्यकाल में न्याय के साथ विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का काम किया है। नीतीश सरकार के प्रभावी और ईमानदार प्रयासों से समाज के सभी तबकों का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक विकास सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब-गुरबों तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच राजग सरकार की प्राथमिकता है।

# रेलवे भर्ती घोटाला: हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रिश्वत, सीबीआई ने कई अफसरों पर दर्ज किया केस

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रेलवे भर्ती घोटाले को लेकर रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत का मामला सामने आया है। इस भर्ती घोटाले को लेकर सीबीआई ने कई अफसरों पर केस दर्ज किया है। सीबीआई ने यह मामला वडोदरा, मुंबई और अन्य जगहों के रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत लेने का मामले में अंकुश वासन (आईआरपीएस, वेस्टर्न रेलवे, वडोदरा), संजय कुमार तिवारी (डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर, चर्चगेट, वेस्टर्न रेलवे, मुंबई) नीरज सिन्हा (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और मुकेश मीणा समेत कई अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## 10 उम्मीदवार थे तैयार

सीबीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, कुल 10 उम्मीदवारों की सूची बनाई गई जो पैसे देकर परीक्षा पास करना चाहते थे। हद तो यह है कि हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रुपये की रिश्वत वसूली जा चुकी है। अधिकारियों ने लेन-देन का रिकॉर्ड न रहे इसलिए कैश की जगह सोने में लेन-देन किया गया। सीबीआई ने जांच में पाया है कि अंकुश वासन ने संजय कुमार तिवारी को 10 उम्मीदवारों की लिस्ट बनाने को निर्देश दिया था जो पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित होने वाले आगामी समिति विभाग परीक्षा में सेलेक्शन के लिए रिश्वत देने को तैयार हो जाएं। अंकुश ने संजय से यह भी कहा था कि वह मुकेश मीना से कॉन्टैक्ट में रहकर यह पता लगाए कि अभी ऐसे कितने उम्मीदवार तैयार हैं ताकि उनसे पैसे लिए जा सकें। इसके बाद संजय कुमार तिवारी ने मुकेश मीना से इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर जानकारी जुटाई। मुकेश मीना ने बताया कि वह पहले ही ऐसे 5 उम्मीदवारों से पैसे ले चुका है।



## इस पर दोनों की बनी बात

इसके बाद वे इस बात पर सहमत हुए कि जुटाई गई रिश्वत सीधे मुकेश मीना की ओर से पर्सनली एसके तिवारी को सौंपी जाएगी और इसमें कोई भी मीडिएटर नहीं होना चाहिए। इसके बाद अंकुश वासन और एसके तिवारी के बीच इस पर बात हुई। अंकुश वासन ने संजय तिवारी को मुकेश मीना के आनंद पहुंचने पर मुकेश से पैसे जुटाने का निर्देश दिया।

नीरज सिन्हा ने संजय को इसके बारे में जानकारी दी कि उन्होंने सेलेक्शन के लिए पैसे देने के लिए 4 लोगों की व्यवस्था कर दी है।

# बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी दूर करने की बात नहीं: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को निराशाजनक बताते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। मायावती ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया एक्स पर देते हुये कहा यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। सही विकास कैसे संभव। उन्होने कहा कुल मिलाकर, यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है।



# गुड़ प्रसंस्करण संयंत्र लगाने वालों को सरकार देगी 50 प्रतिशत सब्सिडी : कृष्णनंदन पासवान

एजेंसी समस्तीपुर
www.dailypioneer.com



बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि गुड़ प्रसंस्करण संयंत्र लगाने वालों को सरकार 50 प्रतिशत की सब्सिडी देगी। समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित विधापति सभागार में गन्ना उधोग विभाग की ओर से राज्यस्तरीय गन्ना किसान सह बिहार मे गन्ना के उत्पादकता मे वृद्धि एक चुनौती विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्घघाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि सरकार की ओर से गुड़ उधोग प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत प्रत्येक जिलों में गुड़ प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गुड़ प्रोसेसिंग प्लांट लगाने वाले इच्छुक ईख उत्पादकों को सरकार 50 प्रतिशत सब्सिडी देगी। यानी एक करोड़ का प्लांट लगाने वालों को सरकार 50 लाख रुपये का सब्सिडी देगी। इस अवसर पर डा.राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डा.पी.एस. पाण्डेय ने कहा कि गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कई नये प्रभेदों को विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान गुड़ प्रसंस्करण के क्षेत्र मे अपनी अग्रणी भूमिका निभाये। संगोष्ठी को बिहार के गन्ना आयुक्त अनिल कुमार झा समेत अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने भी संबोधित किया।

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-181 मूल्य 3.00 ₹

# महंत और सिंहदेव के बयान के बाद एक बार फिर शुरू हुई कुर्सी के लिए दिल्ली दौड़

रवि शुक्ला < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बिलासपुर प्रवास के दौरान जो कुछ कहा उसके बाद एक बार फिर कांग्रेस की राजनीति गरमा गई है। सिंहदेव के बयान के बाद पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का दिल्ली कूच करना और आदिवासी अध्यक्ष का मुद्दा उछलाना। यह सब ना तो संयोग है और ना ही महज इत्तेफाक। सब-कुछ सोची समझी रणनीति के तहत हो रहा है। दिल्ली की दौड़ और बड़े नेताओं के बीच संपर्क साधना किसके इशारे पर हो रहा है और दिल्ली में यह सब व्यवस्था कौन कर रहे हैं, कांग्रेसी राजनीति के जानकारी अच्छी तरह जानते और समझते हैं। एक बार फिर सिंहदेव की राह पर कांटा बिछाने की कोशिशें शुरू हो गई है। बीते दिनों पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव बिलासपुर प्रवास पर आए थे। पीसीसी के पूर्व सचिव पंकज सिंह के यहां दोपहर भोजन के लिए गए थे। सिंहदेव के प्रवास की सूचना मिलते ही जिले के दिग्गज नेता भी पंकज सिंह के निवास पर पहुंच गए थे। पूर्व डिप्टी सीएम सभी से सहजता के साथ मिल रहे थे। इस बीच मीडिया से उनकी औपचारिक चर्चा भी हुई। चर्चा के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत के इस बयान से इत्तेफाक रखते हैं कि प्रदेश में पांच साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव उनकी सरपरस्ती में होगा। मसलन बतौर पीसीसी चेयरमैन वे मोर्चा संभालेंगे और कांग्रेस को सत्ता वापसी में मदद करेंगे। बिना किसी भूमिका बांधे सिंहदेव ने तब कहा था कि वे हमेशा से ही आलाकमान के निर्देशों व निर्णयों का पालन करते रहे हैं। आगे भी दिल्ली जो चाहे व जिस तरह की जिम्मेदारी दे, निभाने को तैयार हैं। मतलब साफ था प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के लिए वे पूरी तरह तैयार हैं। उनका इतना कहना था कि प्रदेश की राजनीति खासकर कांग्रेस की राजनीति एक बार फिर गरमा गई। जाने अनजाने पीसीसी अध्यक्ष को लेकर एक बार फिर चर्चा छिड़ गई। कांग्रेसजनों की जुबान पर ही यह बात आने लगी कि दीपक बैज की जगह कौन। स्वाभाविक रूप से सिंहदेव का नाम सबसे पहले आने लगा। बस यहीं से कांग्रेस की सियासत में एक बार फिर खेला हो गया। उत्तर छत्तीसगढ़ की राजनीति में कांग्रेस सरकार के दौर पर एक नाम सबसे ज्यादा प्रभावशाली बन गया था। उत्तर छत्तीसगढ़ में पूरे पांच साल उनकी जमकर चली। पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत। तब पांच साल भगत बनाम सिंहदेव हो गया था। यह उत्तर छत्तीसगढ़ की राजनीति में देखने और सुनने दोनों ही मिला। भगत एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का दिल्ली कूच करना और दिल्ली में बड़े नेताओं से मिलकर लाबिंग करना यह सब किस ओर इशारा कर रहा है,यह सभी जानते हैं। सिंहदेव की राह पर रोड़ा अटकाने की राजनीतिक कोशिशें एक बार फिर शुरू हो गई है।

### दिल्ली में मजबूत हुए बघेल



कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को एआईसीसी का महासचिव बनाने के साथ ही पंजाब का प्रभारी बना दिया है। राष्ट्रीय राजनीति में बघेल का कद बहुत बढ़ा है। समर्थक उत्साहित हैं। दिल्ली में मजबूत पकड़ के बीच प्रदेश की राजनीति में उनका कितना दखल रहता है या फिर किस हद तक दखलंदाजी रहती है,यह देखने वाली बात होगी।

### अमरजीत के इस बयान के क्या मायने

नगरीय निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर अमरजीत भगत की वह बयान सबने पढ़ा ही होगा,जिसमें उन्होंने आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष की बात सामने लाते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का जमकर बचाव किया था। बातों ही बातों में उन्होंने दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की कलई भी खोलकर रख दी थी और कहा था कि अपने क्षेत्रों में नेता देखें कि कांग्रेस कहां पर है। इसकी जिम्मेदारी तो उनको ही लेना चाहिए।

क्विक न्यूज़

## किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रामाणिक स्तंभ है भाषाः धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भाषा साहित्य से परे है क्योंकि यह समसामयिक परिदृश्य को परिभाषित करती है और यदि भाषा नहीं पनपेगी तो इतिहास भी नहीं पनपेगा। धनखड़ ने 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन की पूर्व संध्या पर यहां उप राष्ट्रपति निवास में एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि किसी क्षेत्र को जीतने का सबसे अच्छा तरीका यह नहीं है कि उस पर भौगोलिक रूप से कब्ज़ा करके उसकी संस्कृति पर कब्ज़ा कर लिया जाए।

## जौनपुर में सड़क हादसों में नौ मरे, 32 घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया।

## एचडीएफसी बैंक और मारुति समेत 17 कंपनियों में बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफयोजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203.22 अंक लुढ़ककर 75,735.96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.75 अंक उतरकर 22,913.15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान इसकी समृद्ध भाषायी विरासत और बहुभाषी संस्कृति में निहित है। छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, सरगुजिया, कुड़ुख, भतरी सहित अनेक लोकभाषाएँ यहां की सांस्कृतिक आत्मा को संजोए हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे समाज की जड़ों से जुड़ने का सेतु भी है। छत्तीसगढ़ में लोकगीतों, लोककथाओं और पारंपरिक ज्ञान की समृद्ध परंपरा हमारी मातृभाषाओं में संरक्षित है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी मातृभाषाओं को बढ़ावा दें, बच्चों को अपनी बोली और भाषा से जोड़ें तथा छत्तीसगढ़ की भाषाई विविधता को संरक्षित करने में योगदान दें।

## सुप्रीम कोर्ट से विधायक देवेंद्र यादव को मिली जमानत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। रायपुर सेंट्रल जेल में कैद देवेंद्र यादव अदालती कागज के आने पर शुक्रवार को रिहा किए जाएंगे। बता दें कि मई 2024 में बलौदाबाजार में सतनामी समाज के विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर और एसपी ऑफिस जला दिए गए मामले में भीड़ को भड़काने, आंदोलनकारी का साथ देने का आरोप लगाकर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर केस दर्ज किया गया था। विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी बलौदाबाजार हिंसा मामले में हुई थी। उन पर लोगों को भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस को बयान लेना है, तो उनके पास और लेकर जाए। पूछताछ के लिए तीसरा नोटिस मिलने पर देवेंद्र यादव ने बलौदाबाजार जाकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात भी की थी। वहीं बलौदाबाजार पुलिस के एक उच्चाधिकारी की माने तो पुलिस के पास देवेंद्र के खिलाफ गवाह हैं। कुछ लोगों के बयान हैं। इसके अलावा पुलिस के पास कुछ वीडियो भी हैं। इसको आधार बनाकर उन पर कार्रवाई की जा रही है।

## पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को परिचय पत्र सौंपे



पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किये। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डॉ. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए. अबुशावेश शामिल हैं।

## मानवाधिकार आयोग ने जहरीली गैस से दो लोगों की मौत पर सरकार से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में एक सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय दो व्यक्तियों की मौत की घटना पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें पूर्वी मेदिनीपुर जिले के वेकुटिया गांव के नंदीग्राम ब्लॉक में 16 फरवरी को एक व्यक्ति सेप्टिक टैंक को साफ करने के लिए उतरा। वह जहरीली गैस के संपर्क में आ गया और मदद के लिये चिल्लाया, उसकी चीखें सुनकर परिवार के तीन सदस्य उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए और बेहोश हो गए।

## नीतीश ने नालंदा को दी 820.72 करोड़ की विकास योजनाएं



**पटना/राजगीर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले को 820.72 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान सिलाव प्रखंड के नानन्द गांव स्थित बने कार्यक्रम स्थल से नालंदा जिले के लिए 820.72 करोड़ रुपये की कुल 263 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 361.66 करोड़ रुपये की 177 योजनाओं का उद्घाटन और 459.05 करोड़ रुपये की 86 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिले के लिए विकास योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि ईको-टूरिज्म के दृष्टिकोण से राजगीर वन क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण तथा जेपी उद्यान, वेणु वन, घोड़ा कटोरा का और विकास कराया जायेगा। साथ ही डायनासोर पार्क का निर्माण कराया जायेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा उन्होंने कहा कि पंचाने सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कर विकसित किया जायेगा। कुमार ने कहा कि सरमेरा में समेकित कृषि प्रणाली हेतु कृषि अनुसंधान केन्द्र खोला जायेगा। हिलसा पूर्वी बाईपास पथ के लिए भू-अर्जन हो गया है अब शीघ्र काम शुरू किया जायेगा। बरगइनिया पईन का जीर्णोद्धार कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ के सोहसराय हॉल्ट के पास आरओबी एवं रोटरी का निर्माण किया जायेगा। इससे जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि करायपरसुराय, हिलसा, एंकगरसराय एवं इस्लामपुर प्रखंडों में लोकाईन नदी के तटबंध पर कटाव निरोधी कार्य किया जायेगा।

## लाल आंख की बजाय लाल सलाम की चीन नीति अपना रही है सरकार : खरगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर बढ़ रही चीनी गतिविधियों को लेकर चुप्पी साधे हैं और 'लाल आंख की बजाय लाल सलाम' की नीति अपनाई जा रही है। खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए ट्वीट करके कहा, नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन को 'लाल आंख' दिखाने के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहें हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा,भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है लेकिन मोदी सरकार इसे ख़तरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गाँव बसाने शुरू कर दिए हैं, पहले हमारी सीमा पर 628 ऐसे गाँव चीन बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है। मोदी सरकार सीमा पर 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का ख़ूब प्रचार करती है, संसद में आपने ख़ूब बढ़ा-चढ़ाकर इसका बखान किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले दो वर्षों में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का 90 प्रतिशत फंड खर्च नहीं हुआ है। ये योजना फ़रवरी 2023 में लॉन्च की गई थी और 4800 करोड़ रुपए आवंटित फंड में से केवल 509 करोड़ रुपए ही ख़र्च हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में जहाँ 75 गांव सुधारने हैं, वहाँ केंद्र की मोदी सरकार ने ना के बराबर राशि दी है। उन्होंने कहा, दिसंबर 2024 में, चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 'दुनिया का सबसे बड़ा बाँध' बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह, भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब के अनुसार, आपकी सरकार ने कहा कि 'मार्च 2021 में, चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में जल विद्युत परियोजना का उल्लेख है।' इसका मतलब है कि मोदी सरकार को 2021 से ही इस मामले की जानकारी थी फिर भी, आपकी सरकार बिल्कुल चुप रही। बात स्पष्ट है...मोदी जी, आपकी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और स्वयं के झूठे विज्ञापन हैं, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

27 साल के बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण लेने के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। रेखा गुप्ता गुरूवार अपराह्न तीन बजे औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंची। इसके बाद में उनका शाम पांच बजे यमुना बाज़ार स्थित वासुदेव घाट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नये मंत्रिमंडल की पहली बैठक दिल्ली सचिवालय में बुलायी गई। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 27 साल के बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने रेखा गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं। रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल में सात मंत्रियों प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को शामिल किया गया है।

## विश्वास है, रेखा गुप्ता दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने विस्तृत अनुभव के साथ केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए पूरी शक्ति से काम करेंगी। मोदी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। रेखा गुप्ता को गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। वह दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रणह समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि रेखा गुप्ता दिल्ली के विकास और सुशासन को नई दिशा देंगी।

## भारत-बंगलादेश के सीमा बल गश्त बढायेंगे, शांति के लिए मिलकर काम करेंगे

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और बंगलादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बंगलादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढाने, सतर्कता बढाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरूवार को यह सहमति बनी। अगला सम्मेलन आगामी जुलाई में ढाका में होगा। बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मुद्दों पर चर्चा की और सभी स्तरों पर निरंतर, रचनात्मक और सकारात्मक बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों ही पक्ष, सम्मेलन के निर्णयों को सच्ची भावना से जमीनी स्तर पर लागू करने पर सहमत हुए। दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने तथा सौहार्द के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों बल के महानिदेशकों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि बांग्लादेशी अपराधियों और उपद्रवियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल सदस्यों पर हमले की घटनाओं पर, दोनों पक्ष विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में समन्वित गश्त बढ़ाने (देर रात से सुबह के समय) को राजी हुए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उल्लंघन के संबंध में सीमावर्ती आबादी को जागरूक करने का भी निर्णय लिया ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा मानवाधिकारों के अनुपालन और सीमावर्ती हिंसा को रोकने के लिए सहक्रियात्मक प्रयासों की आवश्यकता को दोहराते हुए, दोनों पक्ष संयुक्त गश्त, सतर्कता बढ़ाने, सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम को तेज करने, उचित सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रम शुरू करने और वास्तविक सामयिक सूचनाओं को साझा करने के लिए अत्यधिक तालमेल के साथ मिलकर काम करने पर भी सहमत हुए जिससे कि बिना किसी जनहानि के, प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इस परिप्रेक्ष्य में सीमा सुरक्षा बल भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहले से ही गैर घातक हथियारों के उपयोग की नीति अपनाए हुए है। दोनों पक्ष सीमावर्ती अपराधों, मानव तस्करी और अवैध सीमा पार करने जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में समन्वित सीमा प्रबंधन योजना (सीबीएमपी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव तस्करी के संलिप्त अपराधियों की वास्तविक सामयिक सूचनाओं की जानकारी साझा करने और इस संबंध में जांच रिपोर्टों को भी आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।

# राजिम कुंभ कल्प मंच पर कलाकार अपनी कला से सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं का श्रृंगार कर रहे



पायनियर संवाददाता ◀ राजिम
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प में मुख्य मंच पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति हो रही हैं। मुख्यमंच के ऊपर पंचकोसी धाम के मंदिरों का प्रतिरूप बनाकर नये मेला मैदान में सुसज्जित मंच बनाया गया है। मंच के सामने लगभग 10 हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं। कार्यक्रम को करीब से देखने चारों ओर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। मीडिया व वीआईपी लोगों के बैठने की अलग व्यवस्था की गई है। मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमूर्ति स्थापित कर सुंदर फूलों से मंच को सजाया गया है।

वैसे कलाकारों के लिए मंच एक बड़ा माध्यम होता हैं, जिसमें वे अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं और नई उड़ान देते हैं। मंच से ही उनकी पहचान बनती हैं। प्रोत्साहन और दर्शकों का प्यार मिलता हैं। जिससे उनकी कला और अधिक निखर कर सामने आती हैं। अवसर मिलने पर कई कलाकारों की छुपी हुई प्रतिभा भी सामने आती हैं। राजिम कुंभ के विशाल मंच में विभिन्न स्थानों के कलाकारों का मिलन हो रहा हैं। जिससे एक दूसरे की संस्कृति को सीखने और जानने का मौका मिल रहा हैं। इस विशाल मंच में कलाकार कला के माध्यम से अपने हुनर को प्रदर्शित कर पा रहे है और अपने अंतस में उठ रहें विचारों को मूर्त रूप देने में सफल हो रहे हैं। कला वहीं श्रेष्ठ होती हैं जो जनमानस की जीवन शैली को जीवंत रूप में प्रस्तुत करें। राजिम कुंभ का मुख्य मंच इसका सबसे बढ़िया उदाहरण हैं। राजिम कुंभ कल्प 2025 के इस मंच में प्रतिदिन कलाकार अपनी सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं का श्रृंगार कर रहे हैं।

## राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच पर अनुराग शर्मा के गीतों में झूमे दर्शक, दर्शकों की उमड़ी भीड़



राजिम कुंभ कल्प के सातवें दिन छत्तीसगढ़ के विशाल मंच स्टार नाईट अनुराग शर्मा के सुमधुर गीतों ने दर्शका को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुराग शर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की। इसके बाद एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी और फिल्मी गानों ने दर्शका का भरपूर मनोरंजन किया। सुपर हिट गीत अंग-अंग म बसाहु तोर मया..., धीरे-धीरे दिल तेरा चुराएंगे..., जब से तुम्हे देखा..., धरती म हे कोनो न कोनो आकाश म..., तुमसा कोई प्यारा कोई..., छुनूर छुनुर पैरी बाजे रे..., गीतों की प्रस्तुति ने हर दर्शकों का मन रोमांचित से भर दिया। अनुराग शर्मा को सुनने दर्शकों की भारी भीड़ रही। इसी मंच पर रामावतार चंद्राकर की टीम ने वो काली माई..., मेला म पान ठेला..., गीतों को दर्शकों का बहुत प्यार मिला। रोशन साहू हमर छत्तीसगढ़ लोककला मंच ने छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने सिंदूर मांगे..., झूम झूम के नाच ले..., गौरा-गौरी... और बस्तर की लोक कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिसे बहुत ही सराहना मिली। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका रामदत्त जोशी बहनों ने तोर घर म अवतार ले यशोदा..., छत्तीसगढ़ महान हे..., कोठा म पैरा डाले...जैसे गानों को सुमधुर आवाज से मंच को सुशोभित किया और खूब तालियां बटोरी। दाई नई बचो-ददा नई बचो..., गौरी गौरा..., सुआ नृत्य और राउत नाचा से छत्तीसगढ़ की संस्कृति का बहुत ही सुंदर ढंग से बखान किया।

# ममता, डॉ. मुकेश लुंकड़ ने सार्थक स्कूल को कंप्यूटर उपकरण के लिए किया सहयोग

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी के डॉक्टर मुकेश एवं ममता लुंकड़ अपने परिवार के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों के साथ सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों से मुलाकात करने एवं उन्हें शुभकामनाएं देने सार्थक स्कूल आए। बच्चों का गीत से स्वागत देखकर लुंकड़ परिवार गदगद हो गए। डॉ मुकेश के पोते अयांश का प्रथम जन्मदिन था। इस अवसर पर बच्चों ने डांस कर जन्मदिन की बधाई दी। विशेष बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए लुंकड़ परिवार के ममता एवं मीना लुंकड़ ने कहा कि विशेष बच्चों को संभालना और उन्हें प्रशिक्षित कर प्रस्तुति करवाना यह कठिन कार्य अध्यक्ष सरिता दोशी के सुचारू संचालन, निर्देशन, मार्गदर्शन और प्रशिक्षकों के अथक परिश्रम का ही सुंदर परिणाम है। अयांश की मम्मी डॉ मधु ने खो ना जाएं ये तारे ज़मी पर.. गाकर बच्चों और सभी को भाव विभोर कर दिया। अयांश के पापा डा संगम एवं बाकी सदस्यों ने बम बम बोले मस्ती में डोले.. गाकर बच्चों के साथ डांस कर खूब एंजॉय किया। कुलदीप बंजारे और विनीत की डांस प्रतिभा देख लुंकड़ परिवार खुश हो गए। नन्हे अयांश ने मम्मी-पापा एवं सार्थक के बच्चों के साथ केक काटकर सबको खिलाया। आगंतुक परिवार ने सार्थक संस्था को कंप्यूटर के आवश्यक उपकरण लेने हेतु 11000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की और सभी बच्चों को ड्रॉइंग कॉपी, कलर पेंसिल किट का उपहार दिया तथा बच्चों एवं उपस्थित पालकों और प्रशिक्षकों को स्नेहपूर्वक स्वल्पाहार कराया। वरिष्ठ प्रशिक्षिका मैथिली गोड़े ने लुंकड़ परिवार के सहयोग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि स्कूल के ऑफिस वर्क के अलावा स्कूल के कुछ बच्चे कंप्यूटर में अपना नाम लिखना और ड्राइंग करना सीखते हैं। काफी समय से उपयोग होने के कारण उपकरणों को बदलने की जरूरत थी। सहयोग राशि मिलने से शीघ्र ही आवश्यक उपकरण खरीदकर उपयोग में लिया जाएगा। इस अवसर पर तृप्ति जैन, अर्चित जैन, डॉ वर्षा जैन, डॉ मीना जैन, शकुन जैन, स्नेहा लुंकड़, मीना लुंकड़, समीर जैन, गुंजा विश्वकर्मा, मैथिली गोड़े, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, काजल रजक, सुनैना गोड़े, सखीना बाघमारे उपस्थित थे।

# हिंदू राष्ट्र की आधारशिला शिवाजी महाराज ने रखी : रामू रोहरा




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर मराठा समाज द्वारा मराठा मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथी के रूप राहुल हिशीकर प्रसिध्द चिकित्सक, वक्ता के रूप में वर्णिका शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दीपक लोढे ने की। इस अवसर पर रोहरा ने कहा कि शिवाजी महाराज के पराक्रम से मुगल अक्रांता थर थर कांपते थे। इतिहास में कहा गया है कि एक मराठा लाख मराठा होता है। उन्होंने उपस्थितजनों से शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। हिंदू राष्ट्र की आधारशिला छत्रपति शिवाजी महाराज ने रखी थी। उन्होंने कहा कि इस निगम चुनाव में दो भाजपा मराठा प्रत्याशी चुनकर आये हैं जिनका लाभ वार्ड सहित शहर विकास में मिलेगा। उन्होंने उपस्थितजनों को आश्वस्त किया कि धमतरी की जनता ने जिस उम्मीद से चुना है उसको पूरा करने में पूरी ताकत लगा दूंगा और दलगत भावना से ऊपर उठकर शहर विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करूंगा। इस चुनाव में मुझे बांसपारा व मराठापारा से अप्रत्याशित मत मिले है इस मंच से मैं दोनों वार्ड की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने लिया लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



श्री साधुमार्गी जैन संघ सांकरा, नगरी एवं 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ स्थल हाई स्कूल सांकरा में समाज सेवा के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 16 से 19 फरवरी 2025 तक चल रहे इस महायज्ञ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के विशेष सहयोग के साथ आयुष जिला चिकित्सा आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक, एलोपैथिक एवं नेत्र परीक्षण तथा चश्मा वितरण के लिए चिकित्सकों के द्वारा परामर्श एवं उपचार कर दवाइयों का वितरण एवं पावर के चश्मा का वितरण किया गया। इस महायज्ञ में उपस्थित जन समुदाय के साथ.साथ सांकरा क्षेत्र के आसपास के आंचल की जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से आयोजित इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्वप्रथम नवकार महामंत्र जाप एवं गायत्री मंत्र के माध्यम से प्रारंभ कर सभी डॉक्टरों का अभिनंदन किया गया और चिकित्सा प्रारंभ की गई, जिसे शाम 5 बजे तक संचालित किया गया। लगभग 509 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। सभी जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। लगभग 400 से अधिक लोगों को दूर एवं नजदीक के चश्मो का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। उक्त शिविर में जिला चिकित्सा अधिकारियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया और साथ ही साथ इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर आर के वर्मा आयुर्वेदिक, टी आर साहू होम्योपैथिक, डॉक्टर आशीष कुमार साहू, डॉक्टर एम पी चंद्राकर धमतरी आयुर्वेदिक, डॉक्टर किशोर सोन, नेत्र चिकित्सा हेतु राकेश कुमार साहू, योगेंद्र कुमार बोरिया, देवेंद्र कुमार साहू, गजानन कुमार पैकरा ने परामर्श देकर क्षेत्र वासियों को लाभ प्रदान किया।

# जालमपुर स्कूल संस्था प्रमुख दीपक शर्मा ने मध्यान्ह भोजन का किया आकस्मिक निरीक्षण



**धमतरी।** संयुक्त किचन शेड गोकुलपुर में नगरीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए पक रहे मध्यान्ह भोजन का आकस्मिक निरीक्षण शासकीय माध्यमिक शाला जालमपुर के संस्था प्रमुख दीपक शर्मा द्वारा किया गया। गुरुवार के मीनू अनुसार चांवल पका हुआ, दाल, हरी सब्जी में लौकी चना दाल और पापड़ वितरित किया गया। विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता का स्वाद चखा गया। ज्ञात हो पूरे भारतवर्ष की प्राथमिक, मिडिल शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार के नाम से स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से विद्यार्थियों को पौष्टिक मध्यान्ह भोजन वितरित किया जाता है। धमतरी नगर निगम के सभी शालाओं में स्थित प्राथमिक मिडिल स्कूल मे दर्ज सभी विद्यार्थियों के लिए स्व सहायता समूह जन चिंतक समूह द्वारा एक साथ मध्यान्ह भोजन पकाकर सभी शालाओं को समय पर वितरित किया जाता है।

# यह जीत भाजपा की सुशासन की जीत है : रंजना साहू



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू के निज निवास पहुंचकर नगर पंचायत आमदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति साहू सहित सभी पार्षदों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात किए। सभी को नवीन दायित्व की बधाई देते हुए एवं नगर विकास की चर्चा करते हुए रंजना साहू ने कहा कि यह जीत भाजपा की सुशासन की जीत है। प्रदेश में भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार निरंतर जन भावनाओं के अनुरूप काम कर रही है जिससे पुरे प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों को सफलता मिली है। साथ ही सभी शासन की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं जिससे अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ साथ एक जनप्रतिनिधि के दायित्व को पूरी लगन से निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर में आमदी मंडल के अध्यक्ष अमन राव, पूर्व अध्यक्ष मुरारी यदु, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ साहू उपस्थित रहे।

# मदन चौरसिया के सरपंच निर्वाचित होने कि खबर से जगह-जगह फुटे फटाके, बटी मिठाई, गांव में निकली आभार रैली

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विगत दिनों मतदान संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत लंबर के सरपंच चुनाव में मदनलाल चौरसिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चंद्रहास चौरसिया को 105 मतों से हराकर जीत दर्ज की। बता दें कि ग्राम पंचायत लंबर सरपंच पद को लेकर मदन लाल चौरसिया चंद्रहास चौरसिया ब्रिक लाल साहू हुआ कमलेश साहू सहित चार प्रत्याशीयों चुनावी मैदान में थे। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने स्तर पर खूब चुनाव प्रचार किया और ग्राम पंचायत के मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम पंचायत लंबर सरपंच चुनाव में कुल मतदाताओं में 1225 मतदाता थे, जिनमें से 1031 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें मदनलाल चौरसिया को 401 वोट पाकर 105 वोट से जीत दर्ज किया वही चंद्रहास चौरसिया को 296 वोट प्राप्त हुआ वह ब्रिक लाल साहू को 267 एवं कमलेश साहू को मात्र 41 वोट प्राप्त हुआ तथा 26 वोट निरस्त पाया गया। मदन लाल चौरसिया के विजई घोषित होने के पश्चात आभार रैली निकालकर पूरे गांव में बाजे गाजे के साथ एवं डीजे की धुन रंग गुलाल के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया गया। ग्राम लंबर के जगह-जगह एवं आश्रित ग्राम छीर्राबाहरा में भी भ्रमण किया गया। घरों के सामने मदन लाल चौरसिया का आरती उतार कर फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मदनलाल चौरसिया ने उनकी जीत जनता की जीत बताकर उन्हें बधाई दी।

# नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में निगम का मेगा सफाई अभियान प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम अंतगर्त 40 वार्डो में मूलभूत समस्याओं के त्वरित निदान व सफाई चौपाल का आयोजन 20 फरवरी से 5 मार्च तक किया जा रहा है जिसमें सुबह 7 से 10 बजे तक निगम अमले के साथ नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा सहित जनप्रतिनिधि शामिल होकर सहयोग किये। यह सफाई अभियान शहर के सदर उत्तर, बनिया पारा, हटकेशर सहित शीतलापारा वार्ड में किया गया जहां स्वयं महापौर रामू रोहरा विशेष रुप से उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान में सहयोग किया। इस अवसर पर रोहरा ने कहा कि हम सब को मिलकर स्वच्छ धमतरी स्वस्थ धमतरी बनाना है। साथ ही धमतरी शहर को प्रदेश का सबसे सुंदर व विकसित शहर बनाना है। इस उद्देश्य को बिना सामूहिक प्रयास के प्राप्त नहीं किया जा सकता अतः इस महाअभियान में सबका सहयोग आवश्यक है। वहीं उपस्थित लोगों ने महापौर रामू रोहरा से मांग की शहर के सबसे बड़े बाजार गोलबाजार के पास शौचालय का निर्माण किया जाए जिस पर रोहरा ने निगम अधिकारियों को उपयुक्त स्थान का चयन कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## प्रत्याशियों ने कहा एक ही उद्देश्य क्षेत्र का विकास, जनता का सेवा करना

# क्षेत्र के तीनों जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों की बल्ले-बल्ले

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव की ही तरह भाजपा 17 फरवरी को जिले सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में आने वाले के तीन जिला पंचायत क्षेत्रों त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में अपना परचम लहराते नजर आ रही है जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13, 14 एवं 15 के लिए हुई मतदान के बाद देर रात प्रत्याशियों द्वारा आंकड़ों की माने तो इन तीनों जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि इन मतगणना के आंकड़ों के सामने आने के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि महासमुंद जिले सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में 17 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13,14 एवं 15 के लिए मतदान किया गया। इस बार भाजपा ने जहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से कुमारी धनेश्वर भास्कर, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से प्रमोद सागर, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 से मोंगरा किशन लाल पटेल को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जीत दर्ज कर चुके प्रत्याशियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, भाजपा सरकार की नीति, रीति, जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र के मतदाताओं के विश्वास व भरोसे को दिया है। भाजपा प्रत्याशियों ने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि क्षेत्र का विकास और क्षेत्र की जनता की सेवा करना। पहले चरण के लिए हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला इन क्षेत्र क्रमांक 13,14,15 में ही रहा। बहरहाल इन तीनों जिला पंचायत सदस्यों के आंकड़ों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी आगे बताए जा रहे हैं या यूं कहें की अनाधिकृत रूप से जिला पंचायत के इन तीनों में भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने चुनाव जीत लिया है। जिसकी औपचारिक घोषणा बाकी है।

# कविता योगेश बाबर ने राजीव भवन पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसजनों से आशीर्वाद लिया




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से निर्वाचित होने के पश्चात कविता योगेश बाबर राजीव भवन पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसजनो से आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां कांग्रेसजनों ने मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, गुड्डु दीवान, अंबर चंद्राकर, सूरज पासवान, मानिक साहू, धर्मेन्द्र पटेल, राज देवांगन उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत रत्नाबाधा में सरपंच फकीरचंद वर्मा की शानदार जीत



**धमतरी।** धमतरी जिला के ग्राम पंचायत रत्नाबाधा में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच पद के लिए जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। पंचायत में पुष्कर यादव व फकीर वर्मा प्रत्याशी सरपंच पद के लिए दावेदार थे जिसमें फकीर वर्मा ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर ग्राम के सरपंच निर्वाचित हुए। मतगणना स्थल में देर रात तक चुनाव परिणाम जानने सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी रही। सरपंच चुनाव परिणाम देर रात को आया। रिजल्ट आने के बाद फकीर वर्मा को सरपंच चुने जाने से उनके समर्थकों ने ग्राम में देर रात तक आतिशबाजी करते हुए जमकर खुशियां मनाएं। साथ ही दूसरे दिन समर्थको के साथ आभार रैली निकाला गया जिस रैली में समर्थको सहित लोगो ने रैली में बेंड बाजे की धुन पर जमकर थिरके। आभार रैली में वर्मा द्वारा ग्राम भ्रमण कर आम जन से आशीर्वाद लिया। साथ उन्होंने मिडिया से चर्चा कर बताया की आम जन ने मुझे सरपंच चुन कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा की मैं ग्रामीणों की समस्याओ को हल कर ग्राम विकास के लिए करबद्ध रहूँगा।

# शपथ से पहले नव निर्वाचित महापौर ने आयुक्त व जनप्रतिनिधियों के साथ मार्केट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

## महापौर ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में तीन घंटे घूमकर देखी सफाई सहित अन्य व्यवस्था,लोगो से रूबरू होकर जाना उनकी समस्या

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत प्रातः 7:00 बजे शपथ से पहले सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी के साथ इंदिरा मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर करीब 3 घंटे पैदल घूमकर जायजा लिया। उन्होंने इदिरा मार्केट पार्किंग से होते हुए मान होटल लाइन, जवाहर चौक पांच कंडील, हटरी बाजार,शनिचरी बाजार से होकर इदिरा मार्केट सब्जी बाजार के अलावा प्रेस काम्प्लेक्स क्षेत्र का निरीक्षण किया. महापौर अलका बाघमार ने शनिचरी बाजार में कहा कि सार्वजनिक मूत्रालय को व्यवस्थित करने के साथ साथ नियमित साफ सफाई करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से स्वच्छ सुंदर नगर निगम बनाने के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने और अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वहां ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। उन्होने कहा कि स्वच्छता हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे भी स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान देवें। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों व नागरिको के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत दिलाई गई स्वच्छता की शपथ। इस अवसर पर पार्षद श्याम शर्मा, नरेंद्र बंजारे, हर्षिका संभव जैन,काशीराम कोसरे,चंद्रशेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार,मनीष साहू,कमल देवांगन, गोविंद देवांगन, शशि साहू, आशीष चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, मनीष कोठारी, सरस निर्मलकर, मनोज सोनी, रेशमा सोनकर, लोकेश्वरी ठाकुर, खालिक रिजवी के अलावा सावित्री दमाहे, जितेंद्र ताम्रकर,दिनेश देवांगन रोहन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# जहां मशीन नहीं वहां मानव संसाधन, गंदा पानी निकासी में बाधा बने मलबा को निकाला

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रिसाली से गंदा पानी निकासी के संसाधन की सफाई अभियान चलाकर किया जा रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कई ऐसे जगहों पर मानव संसाधन से मलबा निकालवाने कहा है, जहां जगह तंग है। दरअसल नाला सफाई वर्ष में एक बार बारिश के पहले किया जाता था। आयुक्त ने अब साल मेंदो बार नाला सफाई करने का टास्क अधिकारी-कर्मचारियों को दिया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि नाला सफाई ठीक से नहीं होने की वजह से कई जगह गंदा पानी जमा होता है। इससे न केवल आस पास का वातावरण दुर्गन्ध युक्त होता है, बल्कि पूरा क्षेत्र प्रदुषण की चपेट में होता है। गंदा पानी बहते रहने से किसी तरह की समस्या नहीं होती। वहीं बारिश के पहले सफाई के लिए समय कम मिलता है। आयुक्त मोनिका ने परमेश्वरी मंदिर के निकट और कृष्णा टॉकिज रोड में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी। मशीनरी संसाधन नहीं वहा मानव संसाध-खास बात यह है कि नाला की चैड़ाई कही 15-20 फीट है तो कही 5 फीट। ऐसे में पूरे नाला की सफाई जेसीबी या चेन माउन्टेन से करना संभव नहीं है। आयुक्त ने कम चैड़ाई वाले जगह की सफाई मानव संसाधन से कराने के निर्देश दिए है।

**जाने कार्य योजना**-आयुक्त के निर्देश पर वार्ड 2 व 3 में शीतला मंदिर से गांधी चैक वार्ड 13 व 14 में शीतला मंदिर से इस्पातनगर तक और वार्ड 37 जोरातराई बीएसपी बाउन्ड्रीवाल किनारे कुल 1.5 किलोमीटर मानव संसाधन से सफाई के अलावा वार्ड 20 एवं 21 अम्बेडकर स्कूल में बीएसपी मरोदा गेट तक, वार्ड 22, 23, 24 व 25 के अलावा 35 एवं 36 के सुभाष चैक अंतिम छोर तक कुल 4 किलोमीटर चैन माउन्टेन मशीन के अलावा वार्ड 27, 28, 30 एवं 31 में कुल 1.5 किलोमीटर नाला की सफाई जेसीबी से कराने कार्य योजना तैयार की गई है।

**दूसरे दिन भी कटा वेतन**-मॉर्निंग विजिट के दौरान लापरवाह कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। लगातार दूसरे दिन अनुपस्थित पाने वाले कर्मचारियों में पंकज कुशवाहा, जय कुमार, जतीन बारले, देवेन्द्र पुरैना, बिसौहा राम सिन्हा, संतोष साहू, कुसुमलता साहू, टेकराम, विवेक रंगनाथ, राजेश गजेन्द्र, मनीष यादव, बृजेश कुमार, मोनिष तिवारी, टिकेन्द्र वर्मा, अल्ताफ मोहम्मद व मोहन यादव शामिल है।

# ग्राम सकालो में अमर शहीद बलवंत राय मेहता की 126 वीं और शिवाजी महाराज की 395 वीं जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संभागीय मुख्यालय अम्बिकापुर के ग्राम सकालो में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के संस्थापक अध्यक्ष,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनक एवं पूर्व मुख्य मंत्री गुजरात अमर शहीद बलवंत राय मेहता जी की 126 वीं एवं इतिहास पुरुष शिवाजी महाराज की 395 वीं जन्म जयंती मनाई गई । ग्राम सकालो में आयोजित सादे किन्तु गरिमामय समारोह में अमर शहीद बलवंत राय जी एवं शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया, साथ ही शिवाजी महाराज को भी इस अवसर पर याद किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पंचायत परिषद, के अध्यक्ष मंजू सिंह, सरगुजा के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, गणमान्य नागरिक उमेश कुमार साना, राम तेजू, दिलीप रामदेव, मटुकधारी, ग्राम सकालो के सरपंच सहित भारी संख्या में ग्रामीणजनों की गरिमामय उपस्थिति रही । कर रहा था आज मैं गमें जहां का हिसाब कि तुम बहुत याद आये.

# अधिवक्ता संशोधन कानून के विरोध में जिला अभिभाषक संघ द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



अधिवक्ता संशोधन कानून के विरोध में जिला अभिभाषक संघ द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल का आयोजन किया गया तथा न्यायालय परिसर से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक रैली निकालकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला अभिभाषक संघ बलौदा बाज़ार सहित भाटापारा, सिमगा, कसडोल, पलारी के अधिवक्ता गण द्वारा न्यायालय कार्य से विरत होकर में धरना प्रदर्शन कर अधिवक्ता संशोधन कानून को वापस लिए जाने की मांग। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अधिवक्ता गणों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लाए जा रहे अधिवक्ता संशोधन कानून अधिवक्ता गणों के हितों के विरुद्ध है। संविधान के अनुच्छेद 19(1) के विरूद्ध है। प्रस्तावित विधेयक में कठोर एवं अस्पष्ट प्रावधान शामिल किए गए हैं जो अधिवक्ताओं को डराने और उनका मनोबल गिराने का प्रयास है बार काउंसिल ऑफइंडिया तथा अधिवक्ता संघों से बिना सुझाव लिए युक्त बिल को सरकार ला रही है जो अलोकतांत्रिक है उक्त संशोधन कानून अधिवक्ता के अधिकारोंऔर स्वतन्त्रता को बाधित करता है जिसका जिले भर के अधिवक्ता विरोध करते हैं। जिला बलौदा बाजार राज्य का पहला जिला है जो अधिवक्ता संशोधन कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन का आयोजन कर रही है जिसका असर प्रदेश सहित पूरे देश में दिखाई देगा। धरना प्रदर्शन पश्चात् जिला बलौदा बाजार के समस्त अधिवक्ता गण द्वारा कलेक्टर बलौदा बाज़ार के नाम अनुविभागीय अधिकारी बलौदा बाज़ार को ज्ञापन सौंप अधिवक्ता संशोधन कानून को वापस लेने की मांग की।

उक्त अवसर पर जिला अभिभाषक संघ बलौदा बाजार, भाटापारा, सिमगा, कसडोल, पलारी के पदाधिकारी, वरिष्ठ, कनिष्ठ अधिवक्ता गण सैकडो की संख्या में शामिल रहे।

# साधक को कर्मयोगी होना चाहिए : गोपीकेश्वरी

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



शीतला मंदिर प्रांगण पाऊवारा में शिव महापुराण कथा एवं रसमय संकीर्तन के दूसरे दिवस पर बिंदुग-चंचुला की कथा मैं बताया कि कैसे कुसंगति जीव को पतन के गर्त पर ले जाती है। और फिर कैसे सत्संग कथा जीव को भगवान के चरणों की प्राप्ति करवा देती है। आगे विद्येश्वर संहिता में सूत जी महाराज और शौनक ऋषि के संवाद से बताया गया कि जीव का साध्य क्या है? उस साध्य का साधन क्या है? साधक को कैसा होना चाहिए? तो इसके उत्तर में बताया कि जीव का परम है भगवान् के चरणों की प्राप्ति। साधन है भगवद् सेवा। और साधक को कर्मयोगी होना चाहिए। संसार में बिना फल की चाह किए बस अपने कर्तव्यों का पालन करे। और मन से निरंतर भगवान् की सेवा करे। निस्पृह होने के लिए सूत जी महाराज ने तीन प्रकार की भक्ति बताई श्रवण, कीर्तन, स्मरण। और आगे बताया कि अगर कोई जीव तीन प्रकार की भक्ति नहीं कर सकता तो वो शिवलिंग की पूजा करने से ही संसार सागर से पार हो जाएगा। आगे लिंग का प्राकट्य कैसे हुआ ये कथा बताई और शिवरात्रि के दिन पूजन की क्या महिमा है ये बताया गया। कल पार्थिव शिवलिंग की महिमा और सती चरित्र कथा में बताया जाएगा।

# गोकुल नगर में रिक्त 42 भूखंडों की लाटरी निकाली गई, डेयरी व्यवसायियों को किया आबंटन



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर गोकुल नगर में व्यवस्थापन के लिए निगम प्रशासन डेयरी संचालकों को गोकुल नगर में रिक्त 42 भूखंडों के लिए लॉटरी निकाली गई. निगम के द्वारा 71 डेयरी व्यवसायियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था।

जिला शहरी विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा अनुमोदित सूचि की लाटरी निकाली गयी है. गोकुल नगर पुलगांव में डेयरी व्यवसायियों के लिए 80 भूखंड उपलब्ध है. जिसमे 38 भूखंड पूर्व में आबंटित है. शेष 42 भूखंडों के लिए लाटरी निकाली जाकर डेयरी व्यवसायियों को आबंटन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई.लाटरी निकाले जाने के दौरान बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, शशिकांत यादव, विजयेंद्र पटेल एवं निगम क्षेत्र के डेयरी व्यवसायी उपस्थित थे।शहर के रिहायशी इलाकों में संचालित डेयरियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाहरी क्षेत्रों में शिफ्ट करने की मांग शहरवासी लंबे समय से कर रहे हैं। निगम व जिला प्रशासन ने इसके लिए समय-समय पर योजना बनाई।

# प्रदेश मंत्री विकास रंजन महतो से मिलीं महापौर संजू देवी राजपूत, नगर विकास पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत ने प्रदेश मंत्री भैया विकास रंजन महतो के निवास पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की और नगर निगम के आगामी विकास कार्यों पर चर्चा की। इस विशेष भेंट में उनके साथ वार्ड क्रमांक 08 की पार्षद रूबी दीदी, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद उपेंद्र पटेल, वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद उर्वशी राठौर एवं जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो रंजू यादव भी शामिल रहीं।

**कोरबा के विकास को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**-इस मुलाकात के दौरान विकास रंजन महतो और महापौर संजू देवी राजपूत के बीच नगर निगम की कार्ययोजनाओं, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छता अभियान को लेकर गंभीर चर्चा हुई। महापौर ने प्रदेश मंत्री से नगर की प्राथमिक समस्याओं और उनके त्वरित समाधान के लिए मार्गदर्शन लिया। प्रदेश मंत्री विकास रंजन महतो ने महापौर संजू देवी राजपूत को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनसेवा की जीत है, और नगर निगम के विकास के लिए यह एक नए युग की शुरुआत होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि महापौर के नेतृत्व में नगर निगम नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**कार्यकर्ताओं का योगदान और विकास का संकल्प**-इस दौरान नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने चुनावी सफलता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में नगर की जल निकासी, स्वच्छता, सड़कों के विकास, यातायात सुधार और अन्य नागरिक सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी ने मिलकर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुटता से कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co.Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Executive Director (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1890/2177 Raipur, Dtd. 19.02.2025

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Sealed tenders are invited from experienced eligible bidders for following work on labour contract basis :-

| S. No. | Particulars of works | Qty. | EMD (Rs.) | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Awarding labour contract for painting of structures (weight 1894.68 MT) at various EHV S/s under SE(S/s) Circle, CSPTCL Raipur | 1894.68 MT | 22,000/- | 18/03/2025 14:00 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in
Executive Director (Sub-Station)
CSPTCL : Raipur (C.G.)
SAVE ELECTRICITY S-42957/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Website - www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय) //**

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2005/9416 धमतरी, दिनांक 20/02/2025

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत सोरिद वार्ड क्रं. 35 में डेनियल चौधरी घर के पास से राधा धावना घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (अनु. लागत राशि 1.07 लाख रू.) के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. सड़क एस.ओ.आर. 2015 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र ''ए'' त्रि-लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 07.02.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य का निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है, एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

**कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
E-mail ID: cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com

क्र./1406/लो.नि.व./न.प./2024-25 अड़भार, दिनांक 20/02/2025

**// मैनुअल प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/एजेंसियों से निम्नलिखित निर्माण कार्य/सामग्री प्रदाय हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 05/03/2025 समय 3:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 12/03/2025 समय 3:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25/03/2025 समय 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 25/03/2025 अपरान्ह 3:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 से 15 तक जोनल कार्य। | 17.00 | 15000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 2 | प्लेसमेंट पर कुल 12 कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक हेतु। | 19.00 | 19000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 3 | नल जल सामग्री प्रदाय। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 4 | विद्युत सामग्री प्रदाय। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 5 | स्वच्छता/सफाई सामग्री प्रदाय। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 6 | सबमर्सिबल पम्प मरम्मत, बैडिंग, बुशिंग, लेथ वर्क व अन्य कार्य। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 7 | जे.सी.बी. किराये पर प्रदाय बाबत् (डिजल एवं ड्राइवर सहित) प्रति घण्टा। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |
| 8 | स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत 02 नग शौचालय (वार्ड क्र. 13 एवं 02) संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 3.60 | 5000.00 (प्रति शौचालय) | 750.00 | ----- | सक्षम श्रेणी |
| 9 | स्टेशनरी सामग्री प्रदाय। | 2.50 | 2500.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदाकारों से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यों के लिए डी.डी./निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

**टीप :- निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते विभागीय वेब साईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस/अवधी में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार

# नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए जिले के मेडिकल स्टोर्स का किया गया औचक निरीक्षण

## अनियमितता पाये जाने पर 10 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओं नोटिस किया गया जारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक में स्वापक औषधि मनः प्रभावी (नशीली) पदार्थों की अवैध बिक्री तथा दवाओं की नशे के रूप में दुरुपयोग होने पर चिंता व्यक्त करते हुए औषधि प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशानुसार नशीली दवाओं के अवैध व्यापार को रोकने के लिए एवं नशा उन्मूलन अभियान के तहत् औषधि निरीक्षक सुनील कुमार खरांशु एंव धर्मवीर सिंह ध्रुव द्वारा मेडिकल स्टोर्स का लगातार औचक निरीक्षण करते हुए स्वापक एवं मन:प्रभावी औषधियों के खरीदी-बिक्री की जाँच की जा रही है। विगत माह ब्लाक-छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर एवं देवभोग में कुल 22 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। जिसमें 10 मेडिकल स्टोर्स मेडिकल स्टोर्स, देवांगन मेडिकल स्टोर्स, मां विमला मेडिकल स्टोर्स. एस. के. मेडिकल स्टोर्स, विद्या मेडिकल स्टोर, शीतल मेडिकल स्टोर्स, सौरभ मेडिकोज, उज्जवल मेडिकल स्टोर्स, लक्ष्मी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स एवं सदाफल मेडिकल स्टोर्स में औषधि नियमावली के तहत् अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा गया है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के नशा करने से होने वाली दुष्प्रभावों के बारे में स्थानीय समुदायों में जागरूकता अभियान चलाते हुए कोटपा एक्ट, 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर कुल 96 चालानी कार्यवाही करते हुए 3 हजार 840 रूपये जुर्माना राशि प्राप्त कर चालान कम्पाउण्ड किये जाने की कार्यवाही की गई। आगे भी सतत रूप से जांच, निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है।

## संपादकीय

# ज्ञानेश कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**प्रधानमंत्री** के नेतृत्व वाली चयन समिति ने आलोचना के बावजूद ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त कर दिया है। वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त-सीईसी बनाया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति ने यह निर्णय लिया है जिसने हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। लेकिन इस नियुक्ति पर विवाद भी पैदा हुआ है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। दशकों से सरकार के पास मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने की शक्ति थी। लेकिन 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि ये नियुक्तियां एक समिति द्वारा की जानी चाहिए जिसमें प्रधानमंत्री, भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई तथा विपक्षी दल के नेता-एलओपी शामिल हों। इस फैसले के बावजूद नए 'सीईसी एंड अदर ईसी अप्वाइंटमेंट, कंडीशन्स आफ सर्विस एंड टर्म आफ आफिस एक्ट, 2023 में सीजेआई के स्थान पर एक कैबिनेट मंत्री को रखा गया। इस परिवर्तन को अदालत में चुनौती दी गई है। वरिष्ठ नौकरशाह ज्ञानेश कुमार को मार्च, 2023 में निर्वाचन आयुक्त बनाया गया था। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है जिसका अर्थ है कि वे 2029 के आम चुनाव समेत अनेक महत्वपूर्ण चुनावों की निगरानी करेंगे। उनका चयन वरिष्ठतम निर्वाचन आयुक्त को सीईसी की भूमिका देने की परंपरा के आधार पर किया गया है। ज्ञानेश कुमार हाल ही में अपना कार्यकाल समाप्त करने वाले राजीव कुमार का स्थान लेंगे।



विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का घोर विरोध किया। राहुल गांधी ने चयन समिति की बैठक के दौरान एक असहमति टिप्पणी दे कर सरकार से अनुरोध किया कि वह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चयन समिति की संरचना की वैधता पर निर्णय आने तक यह निर्णय टाल दे। कांग्रेस नेताओं अभिषेक मनु सिंघवी तथा अजय माकन ने तर्क दिया कि अदालत द्वारा नए चयन कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के समय नियुक्ति प्रक्रिया लोकतांत्रिक सिद्धान्तों का उल्लंघन है। सरकार द्वारा भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई को चयन समिति से बाहर करने तथा निर्णय आने से पहले सीईसी नियुक्ति में जल्दबाजी से यह छवि बनती है कि सरकार मुख्य निर्वाचन आयुक्त के चयन में अपनी इच्छा लागू करना चाहती है। निर्वाचन अधिकारियों के चयन में पारदर्शिता एवं संतुलन बनाए रखना न्यायोचित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दृष्टिकोण से जरूरी है। इस बीच फरवरी, 2030 तक 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नई चयन प्रक्रिया पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आना अभी बाकी है, पर सरकार ने स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून के खिलाफ स्थगनादेश नहीं दिया था, अतः चयन प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग देश में चुनावों के दौरान सरकारी मशीनरी संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उसे चुनावों में सभी उम्मीदवारों को समान अधिकार प्रदान करने की विशिष्ट शक्तियां मिलती हैं। हालांकि, संविधान में निर्वाचन आयोग की शक्तियां अच्छी तरह परिभाषित हैं, पर उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में पूर्व प्रमुख निर्वाचन आयुक्त टी.एन. शेषन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सहायता के लिए दो निर्वाचन आयुक्तों की व्यवस्था के द्वारा चुनाव प्रक्रिया को और सहज बनाने के प्रयास किए गए हैं। विडंबना है कि पिछले काफी समय से जनादेश प्राप्त करने में विफल रहने वाला विपक्ष चुनावी लाभ के लिए चुनाव प्रक्रिया व ईवीएम आदि पर अनावश्यक सवाल उठाता रहा है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में अपना निर्णय देगा, पर लगता है कि विपक्ष ने अपने संभावित चुनावी व राजनीतिक लाभ के लिए इस मुद्दे को हवा दी है।

# बांग्लादेश में इतिहास से छेड़छाड़

विपक्ष के उत्साहित होने के कारण बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वह बदलते राजनीतिक परिदृश्य तथा बढ़ते आंतरिक असंतोष का सामना कर रहा है।



अशोक के मेहता
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



एक 'मुक्ति योद्धा' के रूप में मुझे हालिया घटनाओं से बहुत दुःख हुआ है जिन्होंने ढाका व बांग्लादेश के अन्य भागों में हंगामा मचा रखा है। बांग्लादेशी अपने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली भारतीय सेना के जवानों को 'मुक्ति योद्धा' या स्वतंत्रता सेनानी कहते हैं। शेख हसीना ने दिल्ली के निकट के किसी स्थान से अपने समर्थकों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इसका बहाना बना कर अवामी लीग के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों और पार्टियों ने 32 धानमंडी स्थित बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आवास और उनके नाम से बने संग्रहालय को आग के हवाले कर दिया। कुछ महीने पहले बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत में राजनीतिक शरण ले रखी है। हालांकि, हसीना ने कहा कि 'इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता है', पर मुजीब की विरासत का कुछ भी 'भौतिक' हिस्सा नहीं बचा है।

मुहम्मद यूनुस के एक छात्र सलाहकार महफूज आलम ने कहा कि फासीवाद के प्रतीकों को नष्ट कर दिया गया। आश्चर्यजनक रूप से बीएनपी के महासचिव फखरुल इस्लाम आलमगीर ने इस अव्यवस्था और हिंसा का विरोध करते हुए मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक में जल्दी चुनाव कराने की मांग की। बाद में उन्होंने भारत से हसीना और उनके साथियों को सुनवाई के लिए ढाका सरकार को सौंपने की बात भी कही। सेना प्रमुख जनरल वकारुज्जमा ने भी आंतरिक अशांति के नकारात्मक तथ्यों की बात करते हुए खराब कानून-व्यवस्था पर चिन्ता प्रकट की, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने यह भी कहा कि भारत बड़ा देश और महत्वपूर्ण पड़ोसी है।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों की सुरक्षा के लिए अच्छे संबंध महत्वपूर्ण हैं। भारत ने इस हिंसा को 'निंदनीय' बताते हुए ढाका में अपने कार्यकारी उच्चायुक्त को बुला कर उचित निर्देश दिए। दिसंबर में विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ढाका यात्रा के बाद भारत-बांग्लादेश संबंध थोड़ा बेहतर हुए पर बाद में वे और खराब हो गए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के कार्यकारी सलाहकार तौहीद हसन से पिछले रविवार मस्कत में बैठक कर अपनी चिन्ता प्रकट की।

लेकिन एक चीज स्पष्ट होती जा रही है कि एक नया बांग्लादेश उभर रहा है और यह असली है। यह दस साल के गृह युद्ध के बाद उभरने वाले नए नेपाल से एकदम अलग है। पिछले अगस्त में एक सप्ताह में बांग्लादेश का चेहरा बदल गया है और वह जानबूझ कर दिन प्रतिदिन बदल रहा है।

अमेरिकनों पर सरकार बदलने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यहां अमेरिका और भारत पिछले अनेक दशकों से एक विचार के नहीं रहे हैं। 'द हिंदुस्तान टाइम्स' को एक साक्षात्कार में ट्रंप की पहली सरकार में व्हाइट हाउस में दक्षिण व मध्य एशिया की प्रमुख एनएससी लीसा कर्टिस ने हसीना के तख्तापलट में अमेरिका की किसी भूमिका से इनकार किया। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी के बांग्लादेश के बारे में चिन्ता प्रकट करने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसमें अमेरिकन डीप स्टेट की किसी भूमिका से इनकार किया। लेकिन भारत के लिए बांग्लादेश की घटनाओं में अनेक सबक छिपे हैं। अवस्थापना इस बात पर खामोश है क्योंकि देश में हसीना और अवामी लीग के प्रति समर्थन का संबंध मुजीब और भारत द्वारा स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़ा है। 1975 में मुजीब की हत्या के बाद हसीना और उनकी बहन रेहाना को भारत में शरण दी गई थी। अब इतिहास ने स्वयं को 2024 में दुहराया है। मुझे नवंबर, 2023 में चुनाव के दो महीने पहले मुक्ति संग्राम संग्रहालय में जर्मन चांसलर विली ब्रांट की भूमिका के बारे में बोलने के लिए बुलाया गया था। संग्रहालय के एक ट्रस्टी डा. मुफीदुल हक ने मुझे संग्रहालय दिखाया।

उसमें एक हिस्सा पूरी तरह रावलपिंडी के खिलाफ राजनीतिक आंदोलन को प्रतिबद्ध था जिसका नेतृत्व शेख मुजीब ने किया था। इसका शीर्षक नरसंहार के समय में मुक्ति था। वहां बंगाली मुक्ति योद्धाओं द्वारा भारत की सहायक भूमिका में मुक्ति संग्राम के बारे में चीजें प्रदर्शित की गई थीं। इसके साथ ही इसमें एक गैलरी भी थी जिसमें भारतीय सेना द्वारा मुक्ति वाहिनी को प्रशिक्षण की जानकारी दी गई थी।

मेरी पांच दिन की यात्रा के दौरान बीएनपी सड़कों पर थी और हर दूसरे दिन कपड़ा फैक्ट्री के कामगार और उनकी यूनियनें वेतन वृद्धि की मांग के लिए भी सड़कों पर उतरते थे। इस प्रकार सड़कों पर एक वर्चुअल युद्ध चल रहा था जिसमें प्रभुत्वशाली अवामी लीग के प्रदर्शनकारी भी जवाब देने के लिए मैदान में उतरते थे। मैंने जितने लोगों से बात की उनमें से अधिकांश का कहना था कि यदि चुनाव निष्पक्ष और न्यायोचित हुए तो बीएनपी चुनाव जीत सकती है। यही दृष्टिकोण हमारे उच्चायुक्त का भी था। जहां लोग हसीना का समर्थन करने के कारण भारत से नाराज थे, वहीं मीडिया सरकार से डरा हुआ था। इसलिए हसीना सरकार के प्रति नकारात्मक सोच के बावजूद दिल्ली उनको छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी। मुझे आश्चर्य है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने इसके बारे में क्या जानकारी दी थी। शायद वे लोगों का मूड भांपने में विफल रहे जिसका कारण छात्रों के विद्रोह के रूप में सामने आया।

मेरे सामने एक और सच आया जो मुक्ति संग्राम के प्रति भारत के समर्थन से पैदा सद्भावना का लाभ था। लोगों को वह राष्ट्र मिला जिसकी कल्पना वे लंबे समय से कर रहे थे। लेकिन 1970 में खांटी सैनिक लगभग दो दशक पहले तीनों सशस्त्र सेनाओं-भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से गायब हो चुके थे। पूर्वी पाकिस्तान राइफल्स की बहुत कम यूनिटें तथा इससे भी कम पाकिस्तानी सेना के बंगाली पूर्वी पाकिस्तान में तैनात थे। जमीनी यथार्थ यह है कि युद्ध के प्रयास मुख्यतः भारत की ओर से थे और मुक्ति वाहिनी उनका समर्थन कर रही थी। जहां तक मुक्ति संग्राम का सवाल है, बांग्लादेश ने इतिहास बदला जो मुक्ति संग्राम संग्रहालय से स्पष्ट था।

हालांकि, भारत के लिए यह प्रतीक की तरह था क्योंकि यह हजार साल में दुश्मन पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी विजय प्राप्त हुई थी जो भारतीय राजनीतिक और सैनिक नेतृत्व के लिए मील का पत्थर बन गई और जिसका आज भी उत्सव मनाया जाता है। यूनुस के विधि सलाहकार आरिफ नजरुल ने कहा था कि 'भारत 1971 के युद्ध में विजय में एक सहयोगी था, और कुछ नहीं।'

इस भावना को अंतरिम सरकार स्वीकार करती है। भारत में शेख हसीना का दूसरी बार शरण लेना बांग्लादेश में भारी विरोध का विषय बना हुआ है, लेकिन दिल्ली ऐसे मित्र और सहयोगी को नहीं छोड़ सकती है। भारत ने अपने दरवाजे नेपाल, अफगानिस्तान, म्यांमार और माल्दीव से भाग कर आने वाले अनेक नेताओं के लिए खोले हैं, लेकिन हसीना को यहां रखने का खामियाजा भी भारत को भुगतना होगा।

# विरासत को स्वरूप देने वाला विमर्श

"अभूतपूर्व प्रतिशोध और क्रूरता के साथ कुचले जाने से पहले, इसने स्वतंत्रता की एक चिंगारी प्रज्वलित की, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रही।"

एपीएस मल्होत्रा
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



यह एक सुस्थापित तथ्य है कि इतिहास, अक्सर, विजेता के दृष्टिकोण से लिखा जाता है, जिससे यह घटित हुई घटनाओं का एक-आयामी साक्ष्य बन जाता है। इस प्रकार, जबकि ब्रिटिश साम्राज्यवादी सत्ता के लिए, 1857 की उथल-पुथल भरी घटनाएँ उपमहाद्वीप भर के सिपाहियों द्वारा एक असफल विद्रोह थीं, हमारे लिए, यह स्वतंत्रता का पहला युद्ध है।

अभूतपूर्व प्रतिशोध और क्रूरता के साथ कुचले जाने से पहले, इसने स्वतंत्रता की एक चिंगारी प्रज्वलित की, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रही, हालाँकि, इस प्रक्रिया में, उन्होंने सांप्रदायिक कलह के जहरीले बीज बोए, अपनी फूट डालो और राज करो की कुटिल नीति का चतुराई से उपयोग करते हुए, जो आज भी हमें परेशान करता है। आश्चर्य की बात नहीं है कि इन घटनाओं ने हमारे पूर्वजों के मन में इतना भय पैदा कर दिया कि साम्राज्यवाद के जुए को उखाड़ फेंकने के लिए लड़ाई के लिए कोई भी विश्वसनीय आंदोलन कई दशकों तक जारी रहा।

इसे आगे बढ़ाते हुए, जबकि भगत सिंह और उनके युवा साथियों को अंग्रेजों, उनके साथियों और अदालतों द्वारा आतंकवादी/उग्रवादी/चरमपंथी माना जाता था, हम उन्हें बहादुर स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों के रूप में मानते हैं, इतना ही नहीं, भगत सिंह द्वारा मातृभूमि की मुक्ति के लिए अपने जीवन का बलिदान देने के एक सदी से भी अधिक समय बाद, हम उनके अनुयायियों में भारी उछाल देख रहे हैं, खासकर युवाओं में। इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है- कैब और ऑटो-रिक्शा, ट्रक और बसों के पीछे, टी-शर्ट पर उनकी तस्वीरों की भरमार है। इन सब को देखते हुए,



जिस चीज ने मुझे चौंका दिया और मेरी नाराजगी बढ़ा दी, वह थी राजमोहन गांधी की किताब, पंजाब- ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन। अन्यथा, एक अच्छी तरह से शोध और सोच-समझकर लिखी गई पुस्तक में, भगत सिंह के जीवन और समय के बारे में उनका दृष्टिकोण निराशाजनक है- 400 से अधिक पृष्ठों की एक पुस्तक में, केवल कुछ पंक्तियाँ हैं- भगत सिंह और उनके साथियों का एक सरसरी उल्लेख। दुख की बात है कि इन पंक्तियों में भी, उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में नहीं, बल्कि अपमानजनक रूप से, अपराधी और गुमराह युवाओं के रूप में सम्मानित किया गया है, जो अपने दृष्टिकोण में उग्रवादी हैं, जो स्वतंत्रता संग्राम के मार्ग को पटरी से उतारने पर आमादा हैं। खैर, जबकि हम सभी को अपनी राय बनाने की स्वतंत्रता या स्वतंत्रता है, व्यापक अर्थों में, यह ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारी आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से की संवेदनशीलता को किसी प्रकार ठेस न पहुंचे।

क्योंकि, अगर अमृतसर का कसाई अपने देशवासियों के एक वर्ग के बीच एक प्रसिद्ध नायक बन गया, जिसे भारत को बचाने वाले व्यक्ति के रूप में सम्मानित किया गया और 26,000 से अधिक के फंड का लाभार्थी बनाया गया, तो, हमें गंभीर आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने शहीदों को कैसे चित्रित करते हैं, क्योंकि, जैसा कि मैं बार-बार जॉर्ज सांतायाना के शब्दों को उद्धृत करता हूं- जो लोग अतीत को याद नहीं रख सकते, वे इसे दोहराने के लिए अभिशप्त हैं। जिस तरह से इतिहास लिखा जाता है, वह इस बात को आकार देता है कि आने वाली पीढ़ियां अपने अतीत को कैसे देखती हैं।

1857 की घटनाएं और भगत सिंह का बलिदान हमारी राष्ट्रीय चेतना में महत्वपूर्ण है, जो अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित करता है। फिर भी, ऐतिहासिक आख्यानों में इन व्यक्तियों का चयनात्मक प्रतिनिधित्व चिंता पैदा करता है। जब डायर जैसे औपनिवेशिक व्यक्तियों का महिमामंडन किया जाता है, जबकि हमारे शहीदों को कम करके आंका जाता है या गलत तरीके से प्रस्तुत किया जाता है, तो यह चिंतन की मांग करता है।

एक समाज के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे नायकों को उनके योग्य सम्मान के साथ याद किया जाए। आखिरकार, इतिहास केवल अतीत के बारे में नहीं है - यह भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, जो हमें याद दिलाता है कि हमें अपने कठिन संघर्षों को कभी नहीं भूलना चाहिए।

## आप की बात

### गरिमामयी भाषा हिन्दी

**अंतरराष्ट्रीय** मातृभाषा दिवस (21 फरवरी) पर यह देख कर अति प्रसन्नता होती है कि अब हमारी मातृ भाषा हिंदी काफी सम्मानजनक स्थिति में आ गई है। 1970 के दशक में बी. एससी. की भौतिक और रसायन विज्ञान की पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध थीं लेकिन गणित की नहीं थीं। परीक्षा में हिंदी में उत्तर लिख सकते थे लेकिन प्रश्नपत्र इंग्लिश में ही होते थे।एम. एस सी. में रसायन विज्ञान की कोई भी पुस्तक हिंदी में उपलब्ध नहीं थी। अब मोदी जी की पहल पर चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ाई और पुस्तकें भी हिंदी में उपलब्ध हो रही हैं। 30- 40 वर्ष पूर्व कहा जाता था कि उच्चपद पर कार्य करना हो तो इंग्लिश न केवल लिखना, बल्कि बोलना भी आना अनिवार्य है।आधी अधूरी ही सही, इंग्लिश बोलना शान की बात मानी जाती थी और पढ़े लिखों के बीच शुद्ध हिंदी बोलने वालों की हंसी उड़ाई जाती थी।मल्टी नेशनल कंपनियों की भारत में शुरुआत पर कहा जाता था कि इनमें प्रत्येक पद पर केवल धाराप्रवाह इंग्लिश बोलने वालों को ही रोज़गार मिलेगा। लेकिन मल्टीनेशनल वालों ने महसूस किया कि भारत जैसे बड़े देश में जड़ें जमाना है तो हिंदी के बिना काम नहीं चलेगा। मल्टीनेशनल कंपनियों के चेयरमैन,सीईओ, कार्यकारी निर्देशक, महाप्रबंधक जैसे उच्च पदाधिकारी टीवी पर हिंदी में बोलते दिखाई देते हैं।

- **ललित दुबे**, रतलाम

### प्राइवेट कालेजों पर लगाम लगे

**शिक्षा** के क्षेत्र में हमने अभूतपूर्व प्रगति की है शिक्षा लेकिन जब से व्यवसाय में तब्दील हुई है तब से शिक्षा माफियाओं ने इसकी जड़ों को खोखला करना शुरू कर दिया है । जिनकी आड़ में शिक्षा माफिया शिक्षा के वास्तविक स्वरूप को एक दूसरा रूप देने में तुले हैं । आज प्राइवेट कॉलेज की बढ़ती हुई संख्या ने विद्यार्थियों के लिए सहूलियत का काम तो किया है लेकिन केवल प्रवेश लेने के बाद सीधे परीक्षा के लिए उन्हें आमंत्रित करने के बढ़ते प्रचलन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए कुचल दिया है । ऐसे कॉलेज जो डिग्रियां देते नहीं वरन् छात्रों को एक तरह से पैसे के बदले बेच रहे हैं । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को लगातार गिराया जा रहा है जहां स्नातक व परा-स्नातक के छात्रों का ज्ञान शून्य होता जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ाने के एक प्रमुख कारण के रूप में देखा जाए तो यह भी है क्योंकि एक तरफ छात्र के हाथ में डिग्री पहुंच जाती है लेकिन वह उस विषय के क्षेत्र में ज्ञान के स्तर तक नहीं पहुंच पाता है। पता नहीं यह खिलवाड़ कब रुकेगा ? आज सरकारी कॉलेज में बच्चे इसी कारणवश कम प्रवेश लेते हैं क्योंकि प्राइवेट कॉलेजों ने उन्हें प्रतिदिन ना जाने वाले नए तरीके सिखा दिए हैं। आज शिक्षा विभाग, सम्बद्ध विश्वविद्यालयों और सरकार को चाहिए कि ऐसे कॉलेजों पर कड़ाई की जाए तथा उन्हें आईना दिखाया जाए।

- **नितिन रावत**, फ़िरोजाबाद

### केजरीवाल को सबक

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव में हार के बाद, अरविंद केजरीवाल को यह एहसास हो गया होगा कि जनता उनके झांसे मे उतनी आसानी से नहीं आएगी जितना वह सोचते थे। आम आदमी पार्टी (आप) की पराजय के पीछे कई कारण हैं, जिनमें आबकारी नीति में घोटाला, शीश महल के शाही ठाठ, मंत्रियों का बड़बोलापन, आंतरिक कलह, और नेताओं का दल बदल करना शामिल है। अब, अरविंद केजरीवाल पंजाब में भगवंत सिंह मान के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव में अपना प्रभाव दिखाने की कोशिश करेंगे। लेकिन, यहाँ भी उन्हें बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल के गठबंधन से कड़ी चुनौती मिलेगी। आम आदमी पार्टी अगले छह महीने में राज्य स्तर से लकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने जा रही है. पार्टी नेताओं की मानें तो आने वाले दिनों में पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों का पार्टी में जगह दिया जाएगा. आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि कुछ बड़े वकील, भूतपूर्व आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को पार्टी में शामिल कराया जाए. पंजाब में आप की स्थिति मजबूत करने के लिए, अरविंद केजरीवाल को अपनी रणनीति में बदलाव लाना होगा। उन्हें अपने नेताओं की बड़बोलेपन और आंतरिक कलह को रोकना होगा, और जनता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### अमर्यादित टिप्पणी

**कांग्रेसी** नेता उदित राज ने बसपा अध्यक्ष मायावती के खिलाफ अनावश्यक एवं अमर्यादित टिप्पणी करके कांग्रेस को भी संकट में डाल दिया है. पूर्व सांसद उदित राज का श्री कृष्ण का हवाला देते हुए बसपा अध्यक्ष मायावती का गला घोटने संबंधी बयान न केवल घोर निंदनीय है बल्कि चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रही राष्ट्रीय नेत्री के प्रति अपमानजनक, आपत्तिजनक एवम धमकी भरा वक्तव्य सामाजिक भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगड़ने वाला है। कांग्रेस और बहुजन समाज को यह समझ से परे है. सही मायने में देखा जाए तो उदित राज ने सेल्फ गोल किया है और कांग्रेस को भी जवाब देते नहीं बन रहा है. वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में व्यक्तिगत टिप्पणियां बेहद आक्रामक होती जा रही है. देश का बहुजन विशेषकर दलित निसंदेह बसपा अध्यक्ष मायावती को अपना नेता मानता है. आज भी उनके ट्वीट का देश का दलित वर्ग इंतजार करता है और उनके ट्वीट आने पर पीड़ित परिवार को राहत और शासन प्रशासन कार्रवाई करता है. पूर्व सांसद उदित राज को बसपा सुप्रीमो के प्रति धमकी भरी टिप्पणियों से बचना चाहिए था।

- **वीके जाटव**, नई दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# डॉ. अवधेश पटेल ने 2500 विद्यार्थियों को दिया कैरियर और परीक्षा के लिए मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के एजुकेशन सिटी, जवांगा, गीदम में दो दिवसीय कैरियर और परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के 2500 से अधिक विज्ञान, आर्ट और कॉमर्स संकाय के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को परीक्षा की तैयारी और कैरियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन मेगा मेमोरी और समाधान कॉलेज, बेमेतरा के संचालक डॉ. अवधेश पटेल द्वारा दिया गया।

**छात्रों को मिला विशेष मार्गदर्शन**

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अवधेश पटेल ने शिक्षा के माध्यम से समाज में होने वाले सार्थक बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले 21 वर्षों में उन्होंने भारत के 15 से अधिक राज्यों में 500 से अधिक शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक संस्थानों में माइंड और मेमोरी पावर, कैरियर एवं परीक्षा की तैयारी संबंधी प्रशिक्षण देने का अवसर प्राप्त किया है। दूरदर्शन जैसे राष्ट्रीय मंचों पर भी वे अपनी विशेषज्ञता साझा कर चुके हैं। लेकिन एजुकेशन सिटी, जवांगा में छात्रों से मिलना उनके लिए एक विशेष अनुभव रहा।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा की अलख**

दंतेवाड़ा जिला, जिसे कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, अब शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह बदलाव सरकार के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है। विशेष रूप से, वर्तमान वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, जो उस समय के तत्कालीन कलेक्टर थे, ने एजुकेशन सिटी जवांगा की नींव रखकर इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की एक नई शुरुआत की थी। जिला प्रशासन शिक्षा को लेकर अत्यंत सक्रिय और गंभीर है। यहां हर साल बड़े स्तर पर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा और कैरियर के अवसर मिलते हैं। इसका परिणाम यह है कि अब इस क्षेत्र के छात्र यूपीएससी, पीएससी, नीट, जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं और देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं।

**समाजसेवियों और शिक्षाविदों का योगदान**

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाजसेवी प्रणीत सिम्हा और विश्वभारती कॉलेज के संस्थापक डॉ. राकेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उनकी पहल से छात्रों को न केवल परीक्षा की तैयारी में मदद मिली बल्कि वे अपने भविष्य के लिए सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित हुए। इसके अलावा, जिला शिक्षा अधिकारी अंबष्ट सर के आग्रह पर 'छू लो आसमान' योजना के तहत नीट और जेईई की तैयारी कर रहे 320 छात्रों और 320 छात्राओं को अलग-अलग विशेष सत्र में मार्गदर्शन डॉ अवधेश पटेल द्वारा प्रदान किया गया।

**शिक्षा से उन्नति की राह**

यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में किए गए प्रयासों से शिक्षा के माध्यम से समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में शिक्षा की यह नई रोशनी, छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रही है। जिला प्रशासन, शिक्षाविदों और समाजसेवियों के इन प्रयासों के लिए कलेक्टर महोदय और जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद देते हुए, यह उम्मीद की जाती है कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहेंगे, जिससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलते रहें। इस कार्यक्रम जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला पंचायत सी ई ओ के साथ जिले के सभी अधिकारी शामिल हुए। और अलग अलग वक्ताओं ने दोनों दिन विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किए।

# बोर्ड परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में 77 केंद्राध्यक्षों की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी दसवीं व बारहवीं कक्षाओं के बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा की तैयारियों पर समस्त 77 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित दिशा निर्देश एवं 1 मार्च से आयोजित होने वाली इस बोर्ड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए गये। ताकि परीक्षा का संचालन सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित रूप से हो। इस बैठक में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के केंद्राध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किये। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ. कमल कपूर बंजारे द्वारा सभी केंद्राध्यक्षों का मार्गदर्शन किया गया।

जिसमें सभी को बारीक से बारीक चीजों का बहुत ही ध्यान से रखना, स्कूल की व कमरों की साफ सफाई, गोपनीयता, बैठक व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, हवादार व प्रकाशयुक्त कमरा, स्वास्थ्य व मजबूत भवनों, जर्जर भवन कमरें में परीक्षा बिल्कुल भी न ले, पर्याप्त पर्यवेक्षक, चाय पानी, नास्ता की व्यवस्था, रख रखाव, पर्याप्त कर्मचारी, गर्मी की दृष्टिकोण से कूलर, पंखा, शीतलयुक्त वातावरण, समयानुसार समस्त कार्यो का अनिवार्य रूप से निर्वहन करें तथा मूल्यांकन कार्य के समय पर जब भी मूल्यांकन कार्य करने के लिए किसी भी व्याख्याता/शिक्षकों या कर्मचारियों को मूल्यांकन करने हेतु आदेश प्राप्त होते ही एकतरफा मूल्यांकन कार्य हेतु कार्यमुक्त करते हुए, मूल्यांकन केंद्राध्यक्षों को प्रतिलिपि के माध्यम से जरूर सूचित करें तथा मूल्यांकन कार्य पूर्ण पश्चात मूल्यांकन केंद्राध्यक्षों द्वारा मूल्यांकन कार्य से कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान करें। ताकि सम्बंधित व्याख्याता/ शिक्षक/कर्मचारी मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने के बाद वह अपनी उपस्थिति अपने विद्यालय व कार्यालय में दे सके। इस बैठक में जिला परीक्षा नोडल अधिकारी एस पी कोशले, शासकीय आदर्श बालक शाला के प्राचार्य संतराम साहू, प्राचार्य कुसमी सोमेश्वर सिंह ठाकुर, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, सत्येंद्र सिंह, मनोज बख्शी, सहायक ग्रेड बाबू चेतन बंजारे, जितेन्द्र सिंह गोयल व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बेमेतरा व नवागढ़ जिला पंचायत सदस्य के 07 नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपे गए

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में बेमेतरा व नवागढ़ जिलापंचायत सदस्य के 07 विजयी प्रत्याशियों को आज रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल की उपस्थिति में विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र वितरण समारोह जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ, जहां जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों की औपचारिक घोषणा के साथ प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेमेतरा और नवगढ़ के रिटर्निंग अधिकारी दिव्या पोटाई और प्रकाश भारद्वाज सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिलापंचायत सदस्य के निर्वाचित सदस्यों में प्रमुख नाम जिसमे अंजली नंदराम गंधर्व निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 कठौतिया, हरीश पंचराम साहू क्षेत्र क्रमांक 02 बालसमुंद, बालकुमारी ध्रुव क्षेत्र क्रमांक 03 चंदनु, शशि प्रभा गायकवाड़ क्षेत्र क्रमांक 04 बसनी, सुशीला जोशी क्षेत्र क्रमांक 05 मल्दा, अंजू बघेल क्षेत्र क्रमांक 06 संबलपुर और मधु राय क्षेत्र क्रमांक 07 प्रतापपुर शामिल हैं। ये सभी सदस्य बेमेतरा व नवागढ़ के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए हैं और इनका चयन शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों का यह चरण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी निर्वाचित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। बेमेतरा व नवागढ़ जिला पंचायतों के सदस्य पर निर्वाचित हुए प्रत्याशियों को इस अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इन निर्वाचित जिला पचायत सदस्य को अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में विकास की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके। इस प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ, बेमेतरा व नवागढ़ जिला पंचायत सदस्य के सभी विजयी प्रत्याशियों ने ग्रामीण विकास और जनहित के लिए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# रणबीर शर्मा ने किया साजा जनपद के स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण, निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कि तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने साजा जनपद पंचायत के पंडित देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय मे स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पंचायत चुनावों की तैयारी की समग्र समीक्षा और मतदान सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, रिटर्निंग अधिकारी धनीराम रात्रे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। साजा और बेरला जनपदों में 23 फरवरी 2025 को त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण के चुनाव होंगे, जिनके लिए मतदान सामग्री का वितरण 22 फरवरी को किया जाना है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम में मतदान सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था और मतदान कर्मियों के वितरण सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से चल रही हैं और चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांति और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना सर्वोपरि है। उन्होंने मतदान सामग्री की समय पर और सुरक्षित वितरण पर विशेष जोर दिया, ताकि सभी मतदान केंद्रों पर सामग्री सुगमता से पहुंचाई जा सके। जनपद पंचायत साजा के अधिकारियों ने भी कलेक्टर को निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी दी और चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम और मतदान स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो, ताकि पंचायत चुनाव शांति पूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें।

# शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय की 2 छात्राओं ने मेरिट सूची में अपना स्थान प्राप्त किया

**दल्लीराजहरा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी प्रावीण्य सूची में दल्लीराजहरा शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय की 2 छात्राओं ने मेरिट सूची में अपना स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत एम.ए. चतुर्थ सेमे. 2024 की छात्रा कु. दुर्गेश्वरी ने मेरिट सूची में चौथा एवं हिन्दी विभाग के अंतर्गत एम.ए. चतुर्थ सेमे. की छात्रा कु प्रीति ने दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार व्ही. सहित अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कविता सिंह, अन्य प्राध्यापकों में डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. ए. जॉन, डॉ. एस. स्वामी, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, राजेश ठाकुर, यामिनी देवी, डॉ. प्रवीण गुप्ता, दिनेश माखीजा, डॉ. कमल बोदले, किशोर पटेल, योगेश साहू, मोहनलाल एवं सभी कर्मचारियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# चुनाव में पराजित दो लोगो ने थामा कांग्रेस का हाथ



**उतई।** नगर पंचायत उतई में चुनाव के पश्चात कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का दौर चल रहा है। इस कड़ी में वार्ड क्रमांक 6 से निर्दलीय प्रत्याशी रुस्तम नारंग ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 2 से निर्दलीय प्रत्याशी अलका रावत ने अपने परिवार सहित कांग्रेस में प्रवेश किया। जिसे नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादूर नेताम ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उतई के पूर्व अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, नगर निगम रिसाली के नेवई वार्ड 34 के नवनिर्वाचित पार्षद राहुल राय, वार्ड 1 के पार्षद रमशिला धनंजय नेताम, वार्ड 3 के पार्षद राकेश साहू, वार्ड 9 के पार्षद द्वारिका साहू, पूर्व पार्षद डॉ प्रहलाद वर्मा, संजय गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी, भावेश साहू, पूर्व एल्डरमेन प्रेमनारायण साहू, रामवती टंडन, आशीष रावत, योगेश मांडले, रविशंकर ऑथोडे, गुलशन शर्मा, शुभम बमभोले, चंद्रकांत पटेल, तोरण ठाकुर, मुकेश साहू, रमेश साहू, अनुप साहू, कमल, तोमन, गौरव शर्मा, सुप्रियो विश्वास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धारदार चाकू से लोगों को डराने धमकाने पर दल्लीराजहरा पुलिस ने आरोपी नौशाद को पकड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिले की दल्लीराजहरा पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमाकने वाले बदमाश को पकड़ा हैं। धारदार चाकू दिखाकर लोगों में अपने नाम का डर दिखाने वाले बदमाश नौशाद अंसारी को पकड़ कब्जे से चाकू को जब्त किया हैं। दरअसल दल्लीराजहरा पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर दल्लीराजहरा स्टेशन राजहरा दुर्गा मंदिर के पास घूम रहा है, और लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा रहा है। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और आरोपी को पकड़ा। मौके पर ही गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी नौशाद अंसारी उर्फ गोलू पिता स्व. गुलाम रसुल (28) के कब्जे से एक लोहे का चाकूनुमा हथियार जिसकी कुल लंबाई 14 इंच, फल्ल की लंबाई 09 इंच, मुठ की लंबाई 05 इंच, फल की चौंडाई 3.5 इंच थी, जिसे जप्त किया गया। आरोपी नौशाद अंसारी उर्फ गोलू का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# नगर पालिका के अध्यक्ष ने जो वायदे किए थे उस पर अमल नहीं हो पाया

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा नगर के निवासियों के द्वारा नगर विकास की मांग धीरे-धीरे जोर पकड़ती जा रही है। कहा जा रहा है कि पिछले कार्यकाल में नगर पालिका के अध्यक्ष ने जो वायदे किए थे उस पर अमल नहीं हो पाया है। विकास के कई काम अवरूद्ध पड़े हुए हैं। इसके लिए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष को और गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है मांग में कहा गया कि चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण करने एवं हाई मार्क्स लाइट के साथ-साथ ट्रैफिक सिग्नल भी लगाना आवश्यक हो गया है सीसी कैमरे भी लगाने की मांग उठाई गई है। कहा गया कि न्यू मार्केट गुप्ता चौक से जैन भवन चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं डामरीकरण की भी आवश्यकता है वार्ड 24 नंबर के निवासी जितेंद्र साहू ने कहा कि उनके वार्ड में वर्षो से एक टाउन हॉल का निर्माण चल रहा है लेकिन अब तक वह टाउन हॉल बनकर तैयार नहीं हुआ है। ऐसा लग रहा है टाउन हॉल निर्माण में भर्राशाही हुई है। यह टाउन हॉल पिछले 15-20 साल से अधूरा पड़ा हुआ है।

नगर के बीच से निकले बारहमासी नाले की साफ सफाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस नाले में गंदगी बढ़ती जा रही है और लोग बाग कचरों का ढेर लगा रहे हैं, जिससे नाले में पानी में बहाव एक नाली जैसा हो गया है। इस नाले की सफाई के लिए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ने नगर वासियों से वायदा किया था लेकिन उन्होंने यह वादा पूरा नहीं किया इसलिए नगर वासियों क को नए नगर पालिका अध्यक्ष से उम्मीद बंधी हुई है। इसी के साथ लोगों ने बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि कई सड़कों की हालत ठीक नहीं है। एक मुख्य सड़क, इसी के साथ गुप्ता चौक के आसपास जो अतिक्रमण बढ़ रहा है उसे भी हटाने की आवश्यकता है क्योंकि इस अतिक्रमण के चलते जो श्रम वीर चौक से माइन्स ऑफिस चौक तक जाती है वह जगह-जगह से खराब हो चुकी है तथा डामर उखड़ते जा रहे हैं। इसलिए इस सड़क पर डामरी करण यथाशीघ्र करवाया जाए तथा आसपास जो अतिक्रमण है उसे भी हटाया जाए। क्योंकि इसके चलते यातायात काफी बाधित हो रहा है।

# अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम मऊ सिद्ध बाबा कुटी शिवनाथ नदी तट मे समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री बताते है कि कथा का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म कार्य नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है।

भगवान को पाने की इच्छा तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा। अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें। यह बात आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में शास्त्री ने कहीं उन्होंने कहा कि प्रभु की लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है। ना किसी की मृत्यु हो सकती है ।इसी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान है। अकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है। इसलिए 24 घंटे मे कम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है। ना कि केवल धन वैभव और जिवकोपार्जन के लिए लगे रहना। महाराज जी ने संकीर्तन का महत्व बताते हुए कहा की प्रभात फेरी राम नाम संकिर्तन से युवाओं में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने का तरीका भी सुझाया। उन्होंने कहा कि रामराज लाना हो तो कर्ज माफी नहीं बल्कि कर्ज लेना ही न पड़े ऐसा वातावरण बनाना पड़ेगा। शास्त्री ने कहा कि जब कोई व्यक्ति सात्विक मन से ईश्वर को पाने की चेष्टा करता है तो शुकदेव जैसे ज्ञानी का प्रदार्पण होता है। श्रवण योग से आसान कोई दूसरा रास्ता परमात्मा को पाने का नहीं है। गौरव की बात है कि हम सभी सनातन धर्मी दो-चार दिनों के नहीं बल्कि 31 नील 10 खराब 40 अब पुराने हैं। ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के समय 84 लाख योनियों का सृजन तो किया लेकिन विवेकशील प्राणी अर्थात मनुष्य बनने के लिए उन्हें नारायण की शरण लेनी पड़ी। हमारा सनातन धर्म महान है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे 7:00 बजे से 11:00 बजे तक पारायण पूजन आराधना जप कथा समय 2:00 बजे से 6:00 बजे तक कथा हो रही है।

# कैलाश चंद्रवंशी, ईश्वरीय साहु, बीरेंद्र साहू सहित 6 निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को मिला निर्वाचन प्रमाण







पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कवर्धा और सहसपुर लोहारा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 से 14 का सारणीरकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण 17 फरवरी को मतदान हुआ था। इसके बाद जिले के 06 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्वाचित सुमित्रा विजय पटेल, क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्वाचित कैलाश चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 11 से निर्वाचित डॉ. बीरेन्द्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 से निर्वाचित रोशन दुबे, क्षेत्र क्रमांक 13 से निर्वाचित राजकुमारी राजेन्द्र साहू और क्षेत्र क्रमांक 14 से निर्वाचित ईश्वरी साहू को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना अलौकिक अनुभूति : अनंत थवाईत

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



एक सौ चौवालीस वर्ष के अद्वितीय संयोग मे प्रयागराज के तट पर त्रिवेणी संगम मे डुबकी लगाना अलौकिक अनुभूति करा गया। साथ ही सनातनी होने का गर्व भी हुआ उक्त बातें प्रयागराज मे चल रहे महाकुंभ मेले का दर्शन और परिवार के साथ संगम मे डुबकी लगाकर लौटे नगर के स्वतंत्र पत्रकार अनंत थवाईत ने कही। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी वे प्रयागराज मे 2013 के कुंभ एवं 2019 के अर्धकुंभ मे भी शामिल हुए थे. योगी आदित्य नाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में 2019 का अर्ध कुंभ, सेवा, सुरक्षा और सफाई के बीच दिव्य कुंभ भव्य कुंभ के स्लोगन के साथ आयोजित हुआ था इस बार का कुंभ 144 वर्ष के अद्भुत संयोग मे महाकुंभ और डिजिटल कुंभ के स्लोगन के साथ आयोजित हो रहा है .यह महाकुंभ इतना विशाल है कि संपूर्ण महाकुंभ को रेखांकित करते हुए इसके हर पहलु को विस्तार से लिख पाना किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है अध्यात्मिकता से परिपूर्ण इस महाकुंभ को आधुनिकता के रंग मे रंगते हुए डिजिटल कुंभ का नाम देना भी अपने आप मे विशेषता रखती है रात्रि मे बिजली की रोशनी देखकर ऐसा लगता है कि आसमान से तारे जमीं पर उतर आएं हो लेजर शो के माध्यम से पौराणिक काल खंडो एवं धार्मिक प्रतीकों की प्रस्तुति देख लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। महाकुंभ में प्रतिदिन साठ सत्तर लाख से भी अधिक लोग संगम मे डुबकी लगाने पहुंच रहें हैं भारी भीड़ के चलते लोगों को संगम तक पहुंचने मे दस से पंद्रह किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। लेकिन धर्म और आस्था के बीच लोग इस परेशानी को खुशी खुशी स्वीकार कर रहे हैं। अनंत थवाईत ने आगे बताया कि गंगा मैय्या के तट पर दोनों ओर लगभग बीस बीस किलोमीटर मे फैले इस महाकुंभ मे देश के बड़े बड़े संतो के विशाल पंडाल लगे हुए है जहां संतो के मुखारविंद से कर्ण प्रिय भजनों के साथ राम कथा, शिवमहापुराण, भागवत गीता जैसे पवित्र ग्रंथों को सुनकर लोग अध्यात्मिक सत्संग मे डुबकी लगा रहे हैं भिन्न-भिन्न तपस्या मे लीन साधुओं को देख उनके समक्ष मन श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है. और स्वयं मे सनातनी होने का गर्व भी होने लगता है। महाकुंभ मे करोड़ो लोगों के बीच छोटी मोटी भगदड़ जैसी घटनाएं लोगों के उतावले पन और हड़बड़ी के कारण हो रही है.उप्र सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के साथ साथ पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध कराया जा रहा है यदि लोग सरकार के दिशा-निर्देश के आधार पर चलें तो उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

महाकुंभ के इस यात्रा मे अनंत थवाईत के साथ कविता थवाईत, अनुप्रीत थवाईत, किरण थवाईत, गायत्री ठाकुर, गोविन्द देवांगन, कुसुम देवांगन शामिल थे ये सभी प्रयागराज मे संगम स्नान करने के साथ ही काशी विश्वनाथ, चित्रकूट धाम, मैहर, अमरकंटक, रतनपुर महामाया शक्ति पीठ का दर्शन करते हुए वापस चांपा लौटे।

# फर्टिलाइजर एसोसिएशन का हुआ गठन कन्हैयालाल अग्रवाल बनाए गए अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



समस्त थोक विक्रेता बन्धुओ की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमे सर्वसम्मति से फर्टिलाईजर्स एसोसिएशन संभाग का गठन किया गया, जिसमे अध्यक्ष-कन्हैया लाल अग्रवाल, सचिव-समीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष-अंजित अग्रवाल, उपाध्यक्ष-मुरारी जायसवाल (सूरजपुर), उपाध्यक्ष-अनिल अग्रवाल (जशपुर), उपाध्यक्ष- सुनील अग्रवाल (बलरामपुर), उपाध्यक्ष सुरेश तिवारी(सरगुजा), उपाध्यक्ष-अशोक साहू(कोरिया) प्रमुख है, तथा 18 फरवरी को संपन्न अंबिकापुर की बैठक में सरगुजा संभाग के फर्टिलाईजर्स डीलरो के लिए अनेकों निर्णय लिए गए तथा बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए सभी पदाधिकारीयो को उपस्थित सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि संगठन के हित में सदैव काम किया जाएगा। एवं कोई भी वितरक भाई किसी भी कम्पनी का लदान के साथ खाद नहीं खरीदेगा,हम बिना लदान ही खाद का खरीद बिक्री करेंगे, संभाग के बाहर के वितरकों को सूचित किया जायेगा कि वो भी हमारे संभाग मे बिना लदान ही व्यवसाय करे, अन्यथा उनके खिलाफ होने वाली कार्यवाही की जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी, अपने सभी रिटेलरो को अपने अपने ग्रुप के माध्यम से सूचित करेंगे कि संभाग के बाहर के व्यापारियों से खाद का क्रय विक्रय न करे अन्यथा उनके खिलाफहोने वाली कार्यवाही की जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी, जो वितरक एसोसिएशन के नियमो एवं लिये गये निर्णय के खिलाफ जाकर व्यवसाय करेगा उसे एसोसिएशन को 51 हजार रुपये जुर्माना का भुगतान करना होगा, संगठन के अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं से अपने संबोधन मे कहा की संगठन के नियमों एवं फैसलों से अपना व्यवसाय सुनिश्चित करते हुये चोर एवं कालाबाजारी, जमाखोर जैसे आरोप से बचे, हम सभी आपके साथ हैं आप भी धैर्य पूर्वक संगठन का साथ दे, उर्वरक एसोसिएशन के गठन एवं उसमे लिये गये निर्णयों पर पूरे प्रदेश के उर्वरक व्यवसायी मे नयी उम्मीद दिखाई दे रही हैं, और उनमे कम्पनियों की जबरन थोपे जाने वाली नीतियों से राहत भी मिलने की संभावना भी नजर आ रही है, विभिन्न व्यापारियों द्वारा अपने अपने शब्दों में इस पर प्रतिक्रिया दी जा रही हैं, रायगढ क्षेत्र के एक उर्वरक व्यवसायी द्वारा कहा गया कि व्यापारी एकता को प्रदर्शित करते हुए यह निर्णय बहुत ही सुंदर ढंग से आप लोगों ने लिया है, इसका फायदा आने वाले दिनों में जरूर मिलेगाछत्तीसगढ़ के सभी उर्वरक रिटेलर चाहेंगे कि यह निर्णय पूरे छत्तीसगढ़ के लिए लागू हो जाए जिससे छत्तीसगढ़ के सभी रिटेलर कंधे से कंधा मिलकर चल सके।

# निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर पालिका मुंगेली के निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो का सम्मान समारोह नगर के पड़ाव चैक स्थिति कांग्रेस भवन मे आयोजित किया गया, जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला सहित नगर के 11 वार्डो मे कांग्रेस से विजयी सभी पार्षद शामिल हुए, जिनका कांग्रेस के वरिष्ठजनो सहित कार्यकर्त्ताओ ने गुलाल लगा कर सम्मान किया, इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि नगर पालिका चुनाव मे कांग्रेस को एक बडी जीत दर्ज हुई है जिसको लेकर सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया, जिनमें अरविंद वैष्णव, सूरज यादव, प्रतिमा रवि कोशले, विनय चोपडा, आयशा मकबूल खान,संजय चंदेल, राम किशोर देवांगन, अजय साहू, कुलदिप पाटले, दिलीप सोनी, गौरी श्रवण सोनकर रहे, साथ जिन पार्षदो ने पूरी मेहनत कि किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिल सकी उनका भी हौसला अफजाई किया गया। वही शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओ को एक जुट होकर पालिका मे कांग्रेस की विजय के लिए शुभकामनायें देते हुए आभार व्यक्त किया। गौरतलब हो 22 वार्डो वाली नगर पालिका मे अध्यक्ष सहित 11 वार्डो मे कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत मिली है। कार्यक्रम मे अर्जुन तिवारी, आलोक सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर, थानेश्वर साहू, संजय यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला रमेश यादव, नूरजहाँ, मंजू शर्मा सहित बडी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्त्ता, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तरुण पाटले ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जनसमर्थन का प्रमाण दिया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 फंदवानी में हुए चुनाव में तरुण पाटले ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित करते हुए क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता और मजबूत जनसमर्थन का प्रमाण दिया है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया। इस दौरान देवांगन समाज के लोगों ने ने तरुण पाटले को जिलामुख्यालय स्थित माता परमेश्वरी चैक के समीप देवांगन समाज के लोगों ने जीत होने पर गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर तरुण पाटले से देवांगन समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। तरुण पाटले ने अपनी जीत पर जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र की देवतुल्य। जनता की है। मैं सभी मतदाताओं का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं क्षेत्र के विकास और जनहित में पूरी ईमानदारी से कार्य करूंगा। गौरतलब है कि इस चुनाव में तरुण पाटले का मुकाबला कई मजबूत प्रत्याशियों से था, लेकिन उन्होंने अपनी सूझबूझ, जनसंपर्क और विकास की प्रतिबद्धता के दम पर शानदार विजय हासिल की। उनकी जीत से फंदवानी क्षेत्र में नई उम्मीदों का संचार हुआ है और जनता को उनसे विकास कार्यों की बड़ी अपेक्षाएँ हैं। समर्थकों ने मिठाइयाँ बाँटकर और विजय जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने भी तरुण पाटले को बधाइयाँ दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की। तरुण पाटले की इस ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया कि जनता ने परिवर्तन और विकास के लिए उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है। अब सभी की निगाहें उनके आगामी कार्यकाल पर टिकी है।

# सीए आयुषी गर्ग की बड़ी सफलता आईसीएआई के चुनाव में की जीत हासिल

## सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट आयुषी गर्ग ने आईसीएआई शाखा के चुनाव में जीत हासिल की है, तथा आयुषी गर्ग की यह सफलता उन्हें जीएमसीएस एवं ओटी के चैयरमैन पद पर निर्वाचित होकर उन्हें गौरव दिलाया है, तो वहीं सीएआयुषी गर्ग चार्टेड एकाउंटेंट आयुष गर्ग की धर्मपत्नी होने के साथ ही शक्ति जिले की बहुरानी हैं, एवं रायपुर शहर में उन्होंने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्य क्षेत्र में अल्प समय में ही लोगों के बीच एक पहचान बनाकर यह बड़ी सफलता अर्जित की है, तथा उपरोक्त निर्वाचन में सफलता हासिल करना बड़ा ही चुनौती का काम होता है, किंतु आयुषी गर्ग की मेहनत एवं उनकी दृण इच्छा शक्ति ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया तथा उपरोक्त निर्वाचन के पश्चात संपन्न शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, उन्होंने सीए आयुषी गर्ग की इस सफलता पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, तथा सीए आयुषी गर्ग ने भी अपने सफलता पर कहा है कि वे अपनी इन जिम्मेदारियो का निर्वहन सजगता के साथ करेंगी।

# पूर्व जनपद उपाध्याय पवन पाण्डेय ने धनगांव गोसाईं से जीत दर्ज की



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पूर्व जनपद उपाध्याय पवन पाण्डेय ने धनगांव गोसाईं से एक बार फिर जीत दर्ज की, उनके जीत की खबर आने के बाद क्षेत्र में खुशियों की लहर दौड़ गई, इस जीत ने जिले की राजनीतिक दिशा को नया मोड़ दिया है। आने वाले समय में यह जीत को और मजबूत करेगी और विपक्ष के लिए भी एक चुनौती पेश करेगी। इस जीत से धनगांव गोसाईं क्षेत्र की पकड़ और भी मजबूत हुई है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि पवन पाण्डेय अपने कार्यकाल में किस तरह विकास कार्यों को गति देते हैं। जनता उनसे सड़क,बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद लगाए बैठी है। पवन पाण्डेय की यह ऐतिहासिक जीत मुंगेली जिले की राजनीति के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। उनके नेतृत्व में धनगांव गोसाईं क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। जीत हासिल के बाद क्षेत्र में बहुत ही उत्साह की माहौल बना रहा पाण्डेय ने दृढ़ संकल्प लेते हुए कहा क्षेत्र में शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने का काम करूंगा कोई भी व्यक्ति मूलभूत योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा ।

# मेला क्षेत्र की साफ - सफाई कार्य में गौरा गौरी महिला समिति के सदस्य कर रही है श्रम-दान

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



माघ पुर्णिमा मेला के दौरान नगरी निकाय व त्रिस्तारीय पंचायत चुनाव होने के कारण शिवरीनारायण मेला की प्रबंध व्यवस्था और साफ-सफाई में कुछ न कुछ कमी रह गयी थी। शिवरीनारायण नगर पंचायत का चुनाव संपंन्न हो गया है, अब मेला की प्रबंध व्यवस्था को व्यवस्थित करने में नगर पंचायत शिवरीनारायण के अधिकारी व कर्मचारियों को शिवरीनारायण नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पार्षद और स्थानीय नागरिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं इसी तारतम्य में वार्ड 3 के गौरा-गौरी महिला समिति केअध्यक्ष और उनके सदस्यगण मेला क्षेत्र की साफ-सफाई कार्य में श्रम दान कर रहे है। महिला समिति के इस कार्य की लोग जम कर तारिफकर रहे हैं।

# सहयोग राशि से 165 लोगों को छोले चांवल प्रसाद वितरण

**जांजगीर-चांपा ।** किसी भी अच्छे कार्य को परिभाषा की आवश्यकता नहीं होती हैं, ऐसा ही सेवा कार्य श्री जी मातृ-शक्ति सेवा समिति चांपा एक प्रमाण हैं। अनोखे कार्यक्रम से नगर की अधिकता विजयलक्ष्मी सोनी के जन्मोत्सव से भूखें को भोजन और प्यासे को पानी पिलाकर योजना की शुरुआत हुई। दूसरे दिन को सेवा कार्य को किया गया। जिसमें एक गुप्त प्रायोजक द्वारा 101 थाली का सहयोग किया गया और छोले- चांवल का मंगलवार को प्रभु श्री हनुमान जी का प्रसाद 165 थाली वितरण लायंस चौक-चौराहे परिसर में वितरण किया गया। प्रगतिशील स्वर्ण एवं रजत समिति के सचिव शशिभूषण सोनी ने बताया कि यह एक अद्वितीय और प्रशंसनीय प्रयास हैं जो कि समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को एक साथ लाने और सेवा की भावना को बढ़ावा देने में मदद करता हैं। श्रीजी मातृ-शक्ति सेवा समिति द्वारा ऐसे अनुकरणीय आयोजन की नगर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

# चांपा नगर में माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद निकाली गई भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



संजय नगर चांपा में माता परमेश्वरी की भव्य पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता के जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच यह शोभायात्रा संजय नगर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक से मां समलेश्वरी मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना करके शोभायात्रा कलश लेकर कदम चौक चौपाटी होते हुए मंझली तालाब पहुंची। वहां विधिवत जल भरने की रस्म पूरी की गई और फिर शोभायात्रा पुनः लायंस चौक कोरवा पारा होते हुए वापस संजय नगर लौटी। इस धार्मिक आयोजन के तहत प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। संजय नगर के संतोष देवांगन के यहां से माता परमेश्वरी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ दिन की शुरुआत हुई। भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ से संजय नगर का माहौल भक्तिमय बन गया। जैसे ही शोभायात्रा प्रारंभ हुई, भक्तगण जय मां परमेश्वरी के जयकारे लगाने लगे। पूरे मार्ग को सफाई की गई थी, जहां सफेद पट्टी भी लगाई गई थी। द्वारों को सजाया गया। शोभायात्रा में देवी की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही, जिसमें माता परमेश्वरी को भव्य रूप में सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों की गूंज भक्तों के उत्साह से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। विभिन्न मार्गों पर स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल व प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। मंझली तालाब में जलभराई की रस्म निभाई शोभायात्रा मंझली तालाब पहुंचने पर जलभराई की परंपरा निभाई गई। भक्तों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ जल अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। जल भराई के पश्चात शोभायात्रा पुनः संजय नगर की ओर प्रस्थान कर वापस मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पूरे धार्मिक अनुष्ठान के बाद भक्तों के लिए विशेष प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## बारात में आए युवक की चाकू मारकर हत्या 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 16 फरवरी 2025 को भैंसा बाजार चांपा के पास हुई थी घटना

# पुलिस ने शहर में आरोपियों का निकाला जुलूस

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com





चांपा शहर में बारात में आए युवक की हत्या के मामले में 06 आरोपी सहित 02 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक कुल पेड आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बारात में नाचने के दौरान विवाद होने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर धारदार हथियार से मृतक को प्राण घातक हमला किया था। अपराधियों के हौसले पस्त करने, कानून का भय बनाए रखने के लिए पुलिस ने आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला गया। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि अपराध करने बालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के विरुद्ध धारा बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना चांपा क्षेत्र के ज्ञान गंगा स्कूल के पास भैंसा बाजार चांपा के पास एक शादी के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 16 फरवरी 2025 को हुई जब मोहन केवट की शादी के दौरान बारात में आए लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी मनोज उर्फ गोलू मांझी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रामधन पटेल और साहिल पटेल पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में रामधन पटेल और साहिल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय जांजगीर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां रामधन पटेल की इलाज के दौरान 18.02.2025 को सुबह मौत हो गई। जिसका दस्तावेज प्राप्त होने पर और अन्य धारा जोड़ी जाएंगी। हत्या जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तत्काल आरोपियों की पता साजी हेतु टीम गठित किया गया। गठित टीमों के द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी 01. लेबू उर्फ श्रवण यादव 02. दिगम्बर बरेठ, 03. मनोज उर्फ गोलू मांझी, 04. सागर यादव, 05. चंद्रकांत पटेल, 06. चंद्रप्रकाश यादव को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया तथा प्रकरण में शामिल 02 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय पेश उपरांत बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया। प्रकरण की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए घटना स्थल के आस पास के मोहल्ले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बड़ा दी गई है।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम भरोस सिदार पिता गाड़ा राय सिदार निवासी रीवांडीह पो. कचन्दा तह. जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. का निवासी है। उनके पुत्र/पुत्री का जन्म दिनांक 16/06/2012 को चांपा में हुआ है। उनके पुत्र/पुत्री का नाम जन्म के समय नंदनी पिता रामभरोस दर्ज करा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद् चांपा से जारी किया गया था। चूंकि वर्तमान में उनके पुत्र/पुत्री का सही नाम नंदनी सिदार पिता रामभरोस सिदार माता चमेली बाई निवासी रीवांडीह दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है तथा आज के प्रकाशन पश्चात उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, बैंकों, एवं जहां कहीं भी आवश्यकता हो नंदनी सिदार पिता रामभरोस सिदार माता चमेली बाई के नाम से जाना, माना, पढ़ा एवं पहचाना जावें। इससे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था, समुदाय अन्य किसी को भी आपत्ति हो तो नगर पालिका परिषद् चांपा में स्वयं उपस्थित हो कर 15 दिवस में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। 15 दिवस के पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। एवं यह संशोधित प्रति जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचना जानें।

**आवेदक की ओर से**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

E-mail ID: cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com

क्र./1404/लो.नि.व./न.प./2024-25 अड़भार, दिनांक 20/02/2025

### // द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पंचायत अड़भार हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित **CGPWD SOR 01.01.2015 (Building/Road/Electrical SOR 2020)** पर प्रतिशत दर (कम/बराबर/अधिक) पर निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

1. **निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 05/03/2025 समय 3:00 बजे तक।**
2. **निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 12/03/2025 समय 3:00 बजे तक।**
3. **निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25/03/2025 समय 3:00 बजे तक।**
4. **निविदा खोलने की तिथि - 25/03/2025 अपरान्ह 3:30 बजे।**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 14 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य। | 2.50 | 2500 | 750 | 2 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 2 | आकाशीय शौचालय निर्माण कार्य। (6 शौचालय शीट, 6 यूरीनल शीट) | 16.92 | 17000 | 750 | 3 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदाकारों से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यों के लिए डी.डी./निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

**टीप :-** निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते विभागीय वेब साईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस/अवधी में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत अड़भार**

# कलेक्टर एवं एसपी ने माकड़ी और फरसगांव में मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत दूसरे चरण में गुरूवार को जिले के फरसगांव और माकड़ी जनपद में मतदान संपन्न हुआ। कई मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में कतारबद्ध महिलाएं सहित सभी ग्रामीण मतदाता बहुत उत्साहित नजर आए। द्वितीय चरण के निर्वाचन का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय के साथ जिले के माकड़ी और फरसगांव अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा किया और मतदान केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने माकड़ी अंतर्गत ग्राम शामपुर, मारागांव, छोटे सलना, लुभा, कोकोड़ी, कोसार हरदुली, तारगांव, रांधना, नयापारा, बरकई, तथा फरसगांव अंतर्गत बोरगांव, लंजोड़ा और जैतपुरी के मतदान केंद्रों में पहुंचकर पीठासीन अधिकारियों से मतदाताओं की संख्या और मतदान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र में चिकित्सा विभाग की टीम से चर्चा करते हुए उपलब्ध दवाईयों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान मतदान कर्मियों से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए और कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव में 158 मतदान केंद्र हैं और मतदाता की संख्या 68287 है। इस दौरान 68 सरपंच, 372 पंच, 20 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान हुआ। फरसगांव के कुल 73 सरपंच में से 05 निर्विरोध और कुल 878 पंच में से 506 निर्विरोध चुने गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत माकड़ी में 154 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 76160 है। इस दौरान 67 सरपंच, 415 पंच, 18 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान हुआ। माकड़ी के कुल 889 पंच में से 474 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

# अबूझमाड़ मैराथन के तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित




पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन-2025 के आयोजन संबंधी बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ममगाई ने जिले में मैराथन के सफल आयोजन हेतु किये जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन हेतु कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल एवं साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, प्रशस्ति पत्र, मेडल और सड़क मरम्मत संबंधी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के पंजीयन, भोजन, रूकने की व्यवस्था आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सभी सुविधा समय पर उपलब्ध कराया जाए। आयोजन स्थल परेड ग्राउंड नारायणपुर से 2 मार्च को प्रातः 05.30 बजे से किया जाएगा। समापन समारोह बासिंग में किया जाएगा। मैराथन दौड़ का मार्ग नारायणपुर से बासिंग तक सड़क के दोनों किनारे सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। मैराथन की दूरी हॉफ मैराथन 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर को आयोजन किया जाएगा। ओपन हॉफ मैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर, ओपन जिला हॉफ मैराथन महिला एवं पुरूष 21 किलोमीटर, दौड़ ओपन महिला एवं पुरुष 10 किलोमीटर और ओपन दौड़ महिला 5 किलोमीटर का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार की कुल राशि 15 लाख 84 हजार रुपये विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा। ओपन हॉफ मैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर - प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,00,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 75,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 50,000 रुपये, पंचम् पुरस्कार 50,000 रुपये एवं छठवाँ से दसवाँ पुरस्कार तक 10-10 हजार रुपये की मान से पुरूष वर्ग की राशि 4,75,000 रुपये एवं महिला वर्ग हेतु 4,75,000 रुपये की राशि प्रदाय किए जायेंगे।

# भाजपा समर्थित चार प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रमाण पत्र प्रदान किया

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों में जबरदस्त जीत के साथ ही प्रथम चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों मे भी भाजपा समथिर्त उम्मीदवारों ने परचम लहराया है। यह सब कुछ भाजपा की बेहतर रणनीति व भाजपा कार्यकर्ताओं मेहनत का ही नतीजा है कि, जिले में पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में भी भाजपा समथिर्त उम्मीदवारों ने बाजी मारी। दरअसल जिले में पहले चरण में चार जिला पंचायत सदस्यों के लिए हुए चुनाव में चारो ही सीट भाजपा समथिरत उम्मीदवार निर्वाचित हूए। जिसमें जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 से यशोदा रामचंद्र कश्यप, क्षेत्र क्रमांक 11 रामदई प्रेमसिंह नाग, क्षेत्र क्रमांक 10 रीता शोरी व क्षेत्र क्रमांक 09 से नंद कुमार राठौर निर्वाचित होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाण प्रदान किया।

# जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को मिले प्रमाणपत्र

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसारगर ने विजयी की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 से मृदुला भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 02 से सुलोचना मेश्राम, क्रमांक 03 से सावित्री संजना वट्टी, क्रमांक 04 से तारा ठाकुर, क्रमांक 05 से तेजेश्वरी गब्बर सिन्हा और क्रमांक 06 से किरण नरेटी को विजयी होने का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

# रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्वाचित अभ्यर्थियों को सौंपा प्रमाणपत्र



**दंतेवाड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 के तहत जिला पंचायत दंतेवाड़ा के 6 निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य निर्वाचन के लिये सारणीकरण आज जिला पंचायत में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा ने सारणीकरण के पश्चात निर्वाचन परिणाम घोषित कर निर्वाचित अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिला पंचायत दंतेवाड़ा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-1 से तिलेश्वरी नागेश, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-2 से कमला नाग, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-3 से अरविन्द कुंजाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-4 से ममता मंडावी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-5 से सुलोचना कर्मा और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-6 से प्रवीण राणा को निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सम्बन्धित निर्वाचित अभ्यर्थियों सहित उनके निर्वाचन अभिकर्ता और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि उक्त निर्वाचन क्षेत्रों के लिये प्रथम चरण में 17 फरवरी को मतदान हुआ था। जिला पंचायत दंतेवाड़ा के शेष दो निर्वाचन क्षेत्रों हेतु द्वितीय चरण में 20 फरवरी तथा तृतीय चरण में 23 फरवरी को मतदान निर्धारित है।

# जीवन के 9 दशक पूरे कर रजई बाई पहुंचीं वोट देने



पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में ग्रामीण मतदाताओं की सहभागिता देखते ही बन रही है। मतदान के दूसरे चरण में कोरर के बूथ क्रमांक 26 में रजई बाई कोसमा मतदान करने पहुंचीं थी। उनकी पोती कु. तनिशा कोसमा ने बताया कि दादी अभी लगभग 92 साल की हैं और उम्रदराजी के चलते वे शारीरिक रूप से निःसहाय हो चुकी हैं। फिर भी हर बार वोट देने मतदान केंद्र अवश्य जाती हैं। रजई बाई व्हील चेयर पर बैठकर वोट देने आई थीं। उन्होंने कहा कि वह पिछले सात दशकों से सभी निर्वाचनों में वोट देते आई हैं और जब तक जीवन रहेगा तब तक वह वोट जरूर देंगी। 9 दशकीय आयु पूर्ण कर चुकीं रजई बाई में अब भी मताधिकार का इस्तेमाल करने का जज़्बा देखते ही बनता है।

**मतदाता मित्रां ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका, फर्स्ट टाइम वोटर्स में दिखा खासा उत्साह** - कोरर के मतदान केंद्र में उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय की एनएसएस छात्राओं ने मतदाता मित्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कु. आशा रजक, लक्ष्मी शोरी, नम्रता रावटे, तनिशा कोसमा, कुश्मिता कोसमा, पुष्पलता धनकर और शिमला गावड़े ने 92 वर्षीय वयोवृद्ध रजई बाई कोसमा को मतदान केंद्र तक पहुँचाकर उनके मताधिकार के प्रयोग में सहायता की। इसी तरह, ग्राम चिलहाटी के मतदान केंद्र क्रमांक 22 पर 70 वर्षीय लक्ष्मी गोटा ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं भानबेड़ा की 20 वर्षीय कुमारी निर्जला जैन ने पहली बार मतदान किया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, अब मुझे भी अपनी पसंद के जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिल गया है। इसी तरह रायपुर से वोट देने कोरर आए उज्जवल सिंह राठौर ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 18 वर्षीय राठौर सीए फाउंडेशन तैयारी कर रहे हैं। इसी मतदान केन्द्र में प्रथम बार वोट देने आई कु. दीपिका टेकाम मतदान करने के बाद काफी उत्साहित नजर आई। उन्हांने कहा कि यह उनके जीवन का अनूठा अनुभव रहा। इस तरह मतदान केंद्रों पर युवा और वरिष्ठ नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया।

# चुनावी कार्य में लापरवाही, कलेक्टर ने चार शिक्षकों को किया निलंबित

**रायपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर में चुनाव सामग्री वितरण केंद्र पर शराब के सेवन का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने सख्त कार्रवाई करते हुए चार शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया। घटना की पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनेन्द्रगढ़ के सहायक चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई। जांच में यह पाया गया कि अशोक कुमार सिंह, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, हरकाटनपारा, राकेश कुमार पाण्डेय, शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, भूभका, अभय कुमार कुजूर, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, चुक्तीपानी और सुनील टोप्पो, शिक्षक, माध्यमिक शाला, बौरीडांड चुनावी ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाए गए, जो कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 23 के पूर्णतः विपरीत है। इसे चुनावी कार्य में घोर लापरवाही, उदासीनता और गंभीर कदाचार माना गया, जिसके चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत इन चारों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# फर्जी सिम बेचने वाले 13 एजेंट गिरफ्तार

**रायपुर।** साइबर अपराधों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई जारी है। ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत म्यूल बैंक अकाउंट के लिए फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले 13 पीओएस एजेंट गिरफ्तार किए गए हैं। अब तक कुल 98 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि इन एजेंटों द्वारा जारी सिम कार्ड संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार में इस्तेमाल किए गए थे। अपराध में संलिप्त 7063 सिम कार्ड और 590 मोबाइल की पहचान कर उन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन में साइबर अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना सिविल लाइन रायपुर में अपराध क्रमांक 44/25 के तहत धारा-317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस के तहत जांच की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नया सिम लेने या पोर्ट कराने वाले ग्राहकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया में डबल थंब स्कैन या आई ब्लिंक कर अतिरिक्त सिम चालू करते थे। जिनके पास आधार कार्ड की फिजिकल कॉपी होती थी, उनका विवरण वे खुद वेरिफाई कर डी-केवाईसी से फर्जी सिम एक्टिवेट करते थे। ये सिम म्यूल अकाउंट के ब्रोकरों को बेचे जाते थे, जिन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नारायणपुर के विश्व प्रसिद्ध मावली माता मेला का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नारायणपुर में पांच दिन तक चलने वाले ऐतिहासिक माता मावली मेला 2025 का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार नाथ कश्यप ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई आईएएस, आकांक्षा खलखो सीईओ जिला पंचायत नारायणपुर, बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, अपर कलेक्टर नारायणपुर, गौतम पाटिल एसडीएम नारायणपुर तथा जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों के निवासी उपस्थित थे। इस दौरान वन मंत्री केदार कश्यप ऐतिहासिक माता मावली मेले में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। भिलाई इस्पात संयंत्र रावघाट खदान के स्टॉल में अरुण कुमार मुख्य महाप्रबंधक रावघाट एवं अनुपम बिष्ट महाप्रबंधक रावघाट की उपस्थिति में वन मंत्री केदार कश्यप एवं अन्य अथितियों का स्वागत महाप्रबंधक (रावघाट) एस. पी. मंडावी ने किया । इस दौरान संयंत्र एवं रावघाट खदान से संबंधित जानकारी, सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) योगेश वर्मा और सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) ए. के. मिश्रा ने दी। माता मावली मेले में में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मंडप में रावघाट खदानों में खनन प्रक्रिया और भिलाई इस्पात संयंत्र में एकीकृत इस्पात निर्माण कार्यों को दर्शाया गया है। इस अवसर पर उपस्थित मंत्री केदार कश्यप, जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीयों, आसपास के जिलों से आए अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीयों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने बीएसपी के मंडप में प्रदर्शित आकर्षक पैनल, कट-आउट और संयंत्र के उत्पादन प्रक्रिया पर बने वृत्तचित्र आदि में गहरी रुचि ली और उनकी सराहना की। बीएसपी की रावघाट खदानों से निकाले गए उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के नमूने और राष्ट्र निर्माण में उपयोग किए गए बीएसपी के उत्पादों को भी मंडप में प्रदर्शित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सतत प्रयासों से ग्रामीण विकास के लिए रावघाट सहित दूर-दराज और आदिवासी क्षेत्रों में संयंत्र द्वारा किए गए सामाजिक और सीएसआर गतिविधियों को मंडप में कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर रावघाट सीएसआर विभाग की एक मेडिकल टीम, जिसमें मेडिकल कंसल्टेंट, ब्लड शुगर, एचबी और बीपी जांच के लिए नर्सिंग स्टाफ और फार्मासिस्ट शामिल थे, ने भी मावली मेले में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए अपनी सेवाएं दीं। शिविर में चिकित्सा सहायता चाहने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। बीएस पी मण्डप में ग्रामीणों और अन्य नागरिकों को स्वल्पाहार के रूप में पूड़ी सब्ज़ी और छाछ का वितरण भी किया गया।बीएसपी का मंडप प्रभावशाली पैनल, कटआउट और फिल्मों के प्रदर्शन के कारण भीड़ को आकर्षित कर रहा है। आगंतुकों के प्रश्नों का उत्तर रावघाट माइंस के बीएसपी अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है। 23 फरवरी, 2025 तक चलने वाले इस मेले में भिलाई इस्पात संयंत्र रावघाट माइन्स का मंडप लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां पर बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

# आम मतदाता की तरह लाइन में लगकर वोट दिया मंत्री केदार कश्यप ने, फरसागुड़ा बूथ में किया मतदान

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे फरसागुड़ा की पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान करने से पहले और बाद में मंत्री केदार कश्यप ने जिले के मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महायज्ञ में सहभागिता निभाने की अपील की। मंत्री केदार कश्यप ने फरसागुड़ा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला के बूथ क्रमांक-31 में पहुंचकर अपना बहुमूल्य वोट दिया। वहीं केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने आम मतदाओं की तरह कतार में खड़े होकर क्रमबद्ध तरीके से मतदान किया। कतार में खड़े मतदाताओं ने मंत्री केदार कश्यप का सम्मान करते हुए उनसे आग्रह किया कि आप आगे जाकर पहले वोट डालिए, मगर मंत्री कश्यप वीआईपी कल्चर छोड़कर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए कतार में ही खड़े रहे। अपनी बारी आने के बाद ही उन्होंने मतदान किया। मंत्री के इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि पहले मतदान करें उसके बाद जलपान, ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके और समाज के साथ-साथ देश का भी विकास हो सके। इस दौरान केबिनेट मंत्री कश्यप ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अवश्य मतदान करें। सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूर वोट करें।

# नया दुकान एवं स्थापना अधिनियम आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए गए नये दुकान एवं स्थापना अधिनियम को व्यापारिक जगत और नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस ऐतिहासिक फैसले से रोजगार के अवसरों में वृद्धि, व्यापारिक गतिविधियों के सुगमतापूर्वक संचालन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। खासतौर पर, दुकानों को बिना समय सीमा के संचालित करने की अनुमति मिलने से कारोबारियों के लिए व्यापार सुविधाजनक होगा और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, यह अधिनियम शराब दुकानों पर लागू नहीं होगा।

**व्यापार और रोजगार की संभावनाओं को मिलेगी नई गति** - सरकार का यह निर्णय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। नए नियमों से छोटे दुकानदारों को राहत, पंजीयन प्रक्रिया में सरलता, और कर्मचारियों के अधिकारों का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। पहले से पंजीकृत दुकानों को 6 महीने के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा, लेकिन इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि 6 महीने के बाद आवेदन किया जाता है, तो नियमानुसार शुल्क अनिवार्य होगा।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं आर्यास ग्रेंस के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं आर्यास ग्रेंस के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर गुरुवार को प्रातः 12 बजे से शाम 4 बजे तक आर्यास ग्रेंस परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग से प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से नेत्र सहायक वेद यादव तथा हडडी रोग विभाग से डॉक्टर दीक्षांत, दंत रोग से डॉक्टर कृतिका भक्ते अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, वीरेंद्र, एवं नर्सिंग स्टाफ श्वेता ध्रुव, निधि एवं आर्यास ग्रेंस के (एम डी) अजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, केशव अग्रवाल, ब्रिजेश तिवारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री रोग, हडडी रोग, दंत रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# महाकुंभ 2025 : त्रिवेणी संगम में गंगा और यमुना की स्वच्छता के लिए ट्रैश स्किमर्स और आधुनिक तकनीक का उपयोग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज में प्रतिदिन करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का महासंगम हो रहा है। ऐसे विराट आयोजन के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती है; खासकर गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं द्वारा प्रवाहित फूल, पत्तियां, नारियल, बोतल जैसी पूजन सामग्रियों को हटा कर नदी की स्वच्छता को बरकरार रखना। ऐसे में त्रिवेणी संगम में तैरते कचरे को हटा कर गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया है, जिसमें आधुनिक तकनीक और ट्रैश स्किमर्स की मदद ली जा रही है। इस अभियान के तहत नदी से प्रतिदिन 10 से 15 टन तैरता कचरा एकत्र कर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जा रहा है। इसमें श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह प्रयास किया जा रहा है कि केवल गैर-जैविक और पर्यावरण के लिए हानिकारक कचरे को ही हटाया जाए। यह पहल महाकुंभ क्षेत्र में प्रतिदिन एकत्र होने वाले सैकड़ों टन अन्य कचरे (जैसे घाट पर जमा होने और टेंट, रसोई, शौचालय आदि से निकलने वाला कचरा) से अलग है। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा त्रिवेणी संगम में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में फूल, पत्तियां, नारियल एवं अन्य पूजन सामग्री प्रवाहित की जा रही है, जो सड़ने पर नदी जल की शुद्धता को प्रभावित कर सकती है। इसमें सबसे गंभीर चिंता प्लास्टिक कचरे को लेकर है, जिसमें प्लास्टिक की बोतलें, खाने-पीने की पैकेजिंग एवं अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट शामिल हैं। ये प्लास्टिक कचरे जल स्रोतों में हजारों वर्षों तक बने रहते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर क्लीनटेक इन्फ्रा द्वारा त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दो आधुनिक ट्रैश स्किमर्स तैनात किए गए हैं, जो त्रिवेणी संगम स्थल पर लगातार गश्त कर गंगा और यमुना में तैरते कचरे को हटाने का काम कर रहे हैं। प्रत्येक ट्रैश स्किमर की क्षमता 13 घन मीटर है और यह एक बार में 3,600 किलोग्राम तक कचरा संभाल सकता है। ट्रैश स्किमर्स से आम दिनों में प्रतिदिन 10 से 15 टन कचरा एकत्र किया जा रहा है, जबकि माघी पूर्णिमा जैसे विशेष अवसरों पर यह मात्रा 20 से 25 टन तक पहुंच जाती है। नदी जल की स्वच्छता के लिए तैनात ट्रैश स्किमर्स के अलावा, मोटरबोट्स और 16,000 सफाई कर्मियों की टीम विभिन्न घाटों और सड़कों सहित संपूर्ण महाकुंभ क्षेत्र में 24×7 साफ-सफाई सुनिश्चित कर रही है। महाकुंभ क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालयों की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। महाकुंभ क्षेत्र में समग्र स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नई तकनीक और मानव संसाधनों का सुनियोजित संयोजन किया जा रहा है।

# 10 से अधिक स्थानों पर हटाए गए अतिक्रमण



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन रायपुर द्वारा टीम प्रहरी के माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। टीम प्रहरी द्वारा जी.ई. रोड़ में राजकुमार कॉलेज से साईंस कॉलेज तक यातायात को व्यवस्थित करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 32 ठेले हटाए गए और 5 ठेले जब्त किए गए। साथ ही लैंडस्कैपिंक पर हो रहे अवैध निर्माण को रूकवाया गया और अतिक्रमित कर रहे कॉलम के सामग्री को जब्त किया गया। इस अभियान में इस अभियान में सतीश ठाकुर, रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 7 जोन कमिश्नर रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह, उप अभियंता नगर निवेश विभाग रुचिका मिश्रा नगर निगम के जोन 7 और 5 के सेट्रल टीम, यातायात-पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

# सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए-06 5जी : किफायती कीमत पर सुपरफास्ट कनेक्टिविटी और दमदार परफॉरमेंस के साथ 'काम का 5जी'

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी ए-06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन किफायती कीमत पर शानदार 5जी अनुभव लेकर आया है। सबसे किफायती बजट गैलेक्सी ए सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के रूप में, गैलेक्सी ए-06 5जी को अपने विश्वसनीय प्रदर्शन और लंबी उम्र के साथ उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के लिए डिजाइन किया गया है। गैलेक्सी ए-06 5जी भारत के सभी रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, और अन्य ऑफलाइन चैनलों पर कई स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध होगा। 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की शुरुआती कीमत मात्र 10499 रुपये है। गैलेक्सी ए-06 5जी तीन आकर्षक रंगों ब्लैक, ग्रे और लाइट ग्रीन में उपलब्ध है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, ग्राहक केवल 129 रुपये में सैमसंग केयर+ पैकेज के साथ एक साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जो अतिरिक्त सुरक्षा और मानसिक सुकून प्रदान करता है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया के पहले ब्रांड सुपरस्टार बने रणवीर सिंह भारत में स्कोडा ऑटो के 25 वर्षों का मनाया जा रहा है जश्न




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कोडा ऑटो इंडिया ने हाल ही में अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक पेश करने के फौरन बाद, अब एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पावरहाउस रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रैंड सुपरस्टार' घोषित किया है। यह भागीदारी अपने साथ स्कोडा के अंदाज़ वाले और लोगों पर आधारित कैम्पेन लेकर आ रही है, जिनमें रणवीर सिंह स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रशंसकों तथा ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने इस भागीदारी के बारे में कहा, काइलैक के समय मैंने वादा किया था कि पिक्चर अभी बाकी है। हम भारत में अपने 25 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं और इसके एक नये युग की शुरुआत करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इसमें सिर्फ विश्व-स्तरीय उत्पादों को लॉन्च नहीं किया जाएगा, बल्कि व्यवसाय के हर पहलू को नयापन दिया जाएगा, जैसे कि अपने ग्राहकों और प्रशंसकों से जुड़ने का हमारा तरीका।

# मीशो ने भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मार्केटप्लेसेज में से एक का निर्माण किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मीशो भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मार्केटप्लेसेज़ में से एक का लॉन्च करके इन्फ्लुएंसर्स से प्रेरित शॉपिंग में परिवर्तन ला रहा है। अपनी कंटेंट कॉमर्स स्ट्रेट्जी के अंतर्गत इस प्लेटफॉर्म ने विस्तृत स्तर पर शॉपिंग का बेहतरीन और विस्तृत अनुभव प्रदान करने के लिए तीन महत्वपूर्ण पहलू पेश किए हैं। मीशो क्रिएटर क्लबः यह एक समर्पित इन-हाउस एफिलिएट प्रोग्राम है, जो टियर 2 और टियर 4 शहरों सहित सभी शहरों और सभी आकार के इन्फ्लुएंसर्स को सशक्त बनाता है और उन्हें रियल-टाईम परफॉर्मेंस एनालिटिक्स, तेज पेआउट, एवं प्रत्यक्ष सहयोग के अवसर प्रदान करता है। वीडियो फाईंड्सः मीशो ऐप पर होस्ट होने वाले शॉर्ट और दिलचस्प प्रोडक्ट वीडियो यूज़र्स को रोचक कंटेंट की मदद से सुगमता से उत्पाद तलाशने और शॉपिंग करने में समर्थ बनाते हैं। इन वीडियो में दिखाए गए उत्पादों को क्लिक किया जा सकता है, ताकि यूज़र्स कंटेंट से बाहर जाए बिना तुरंत शॉपिंग कर सकें। लाईव शॉपः रियल-टाईम इंटरैक्टिव सत्र, जिनमें विक्रेता और इन्फ्लुएंसर उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं, सवालों के जवाब देते हैं, और तुरंत सेल संभव बनाते हैं। मीशो क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करके ईकॉमर्स में परिवर्तन ला रहा है। ये क्रिएटर प्रतिवर्ष खरीदारी करने वाले 187 मिलियन यूज़र्स की जीवनशैली से मेल खाते हैं। प्रसन्ना अरुणाचलम, जनरल मैनेजर, मोनेटाईज़ेशन एवं कंटेंट कॉमर्स, मीशो ने कहा, भारत में क्रिएटर अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही है।

# लोकप्रिय अभिनेता पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3% तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं, इंजन के टूट-फूट को कम करने, ईंधन की अर्थव्यवस्था में सुधार देश को इस सक्रिय तकनीक को कार्रवाई में लाइव देखने में मदद करने के लिए, जियो-बीपी ने नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अभिनव स्प्लिट फ्यूल कार का अनावरण किया।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की पूरे भारत में इबलु इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वित्तीय समाधान प्रदान करेगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो नवीनतम इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माता हैं, ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के पूरे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर रेंज, जिसमें लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, के लिए विशेष वित्तीय समाधान प्रदान किए जाएंगे। यह पहल श्रीराम ग्रीन फाइनेंस कार्यक्रम के तहत चलाई जाएगी। इस सहयोग के तहत, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक प्रमुख वित्तीय भागीदार के रूप में कार्य करेगा और ग्राहकों को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करेगा। इससे ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना अधिक किफायती और सुगम हो जाएगा। ये वित्तीय सुविधाएं पूरे भारत में उपलब्ध होंगी, जिससे देशभर के ग्राहक आकर्षक ऋण योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिनमें आसान शर्तें और कम प्रोसेसिंग शुल्क शामिल हैं। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ, हैदर खान ने कहा, हमें श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस सहयोग के माध्यम से, हम अपने ग्राहकों को सुविधाजनक और लचीले वित्तीय विकल्प उपलब्ध कराएंगे।

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी में कैंसर जागरूकता पर सम्मेलन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी ने कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का आयोजन कैम्पस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरानी और प्रिंसिपल डॉ. वरनिश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस सम्मेलन का थीम था ÷हृद्धञ्जश्रष्ठ क्क्ष्ठ्ठ हृद्धत्तक्ष÷। एडल्ट हेल्थ नर्सिंग विभाग ने कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें गेस्ट स्पीकर डॉ. देबरश्री कर महापात्र, हेड ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट, श्री रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, कुम्हारी ने कैंसर पर एक जागरूकता सत्र लिया। उनके द्वारा दिया गया सत्र कैंसर के मिथकों और वास्तविकताओं को उजागर करने के लिए एक बेहतरीन प्रयास था। डॉ. महापात्रा ने कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने और इसके इलाज को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनके ज्ञानवर्धक सत्र ने उपस्थित सभी लोगों को कैंसर से संबंधित गलतफहमियों को सही करने का अवसर दिया। कार्यक्रम में डॉ. फिबिना चिलाटे, एएचएन विभाग की एचओडी (एसोसिएट प्रोफेसर), महेश बाबू (सहायक प्रोफेसर), गोविंदा (लेक्चरर), और हितेश्वरी साहू (लेक्चरर) द्वारा कैंसर के प्रकार, इसके लक्षण, घटनाएं और उपचार के बारे में स्लाइड प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा, कैंसर के मामलों में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन की शुरुआत जीवंत एंकरिंग सत्र के साथ हुई, जिसमें बीएससी नर्सिंग के द्वितीय, तृतीय और पांचवें सेमेस्टर के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक प्रस्तुति, और नारे प्रस्तुति आयोजित की गई। इन क्रिएटिव गतिविधियों ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैम्पस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरानी ने प्रेरणादायक विचार साझा किए, जिनसे सभी उपस्थित लोग कैंसर के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित हुए। डॉ. गुरानी ने समय पर कैंसर की पहचान और रोकथाम के महत्व को समझाया और सबको इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन महेश बाबू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## आईटीसीएक्स 2025

# तिरुपति में 1500 से ज्यादा मंदिर, राजनीतिक नेता और धर्मगुरु मंदिरों के भविष्य पर मंथन के लिए एकजुट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आध्यात्मिक नगरी तिरुपति में आयोजित इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 ने भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अनूठे आयोजन में देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन धर्म के पूजनीय धर्मगुरुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' विज़न को मजबूती देते हुए, यह आयोजन एक अहम् मंच के रूप में सिद्ध हुआ, जहाँ मंदिरों के प्रबंधन, स्थायी विकास और तकनीकी समावेशन को नई दिशा मिली। सनातन धर्म की शाश्वत मान्यताओं को और मजबूत करते हुए, यहाँ मंदिरों की स्वायत्तता, स्मार्ट टेंपल मिशन और वैश्विक श्रेष्ठ प्रथाओं पर गहन मंथन हुआ। इस भव्य आयोजन के माध्यम से, आईटीसीएक्स 2025 ने यह साबित कर दिया कि मंदिर सिर्फ आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति के सशक्त मंच भी हैं। आईटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य सचेतक प्रसाद लाड की परिकल्पना से जन्मा यह मंच मंदिर नेतृत्व को एक नई दिशा देने में अहम् भूमिका निभा रहा है। हिंदू समाज के शक्ति केंद्र के रूप में मंदिरों की पुनर्रचना का यह प्रयास अब एक व्यापक आंदोलन बन चुका है। भारत की मंदिर अर्थव्यवस्था, जो 4-5 लाख करोड़ रुपए के मूल्य की है और किसी भी बड़े वैश्विक उद्योग के बराबर मानी जाती है, को लेकर हुई चर्चाओं में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि मंदिरों को पेशेवर संस्थानों की तरह संचालित किया जाए, ताकि आम श्रद्धालु द्वारा दिए गए दान का उपयोग चिकित्सा सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और लंगरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर सामुदायिक कल्याण में किया जा सके। मात्र अपने दूसरे संस्करण में ही आईटीसीएक्स ने मंदिर प्रबंधन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी भूमिका स्थापित कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना पत्र में कहा, आईटीसीएक्स मंदिरों की वैश्विक एकता का प्रतीक है और 'वसुधैव कुटुंबकम' के रूप में पूरी पृथ्वी को एक परिवार के रूप में देखने की भावना की वास्तविक अभिव्यक्ति भी है। 21वीं सदी ज्ञान-आधारित समाजों की सदी है, और इस दृष्टि से टेम्पल कनेक्ट द्वारा मंदिरों की धरोहर को प्रलेखित, डिजिटाइज़ और साझा करने का प्रयास और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह-ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (Loan A/C No.) L9001060835057493 & L9001060129436392, केडी कन्सट्रक्शन एण्ड ट्रेडर्स ( ऋणी ), मनीष कुमार कौशले ( सहऋणी ), खुशराम कौशले ( सहऋणी ), श्रीमती ममता कौशले ( सहऋणी ), अमन कुमार कौशले ( सहऋणी ) | 18-जनवरी-25 ₹ 7,84,934/- सात लाख चौरासी हजार नौ सौ चौंतीस रूपये मात्र एवं ₹ 6,61,677/- छः लाख इकसठ हजार छः सौ सतहत्तर रूपये मात्र 10-जनवरी-25 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1009/20, पीएच नं. 11, ग्राम पंचायत देवरानी आरएनम-बिर्रा, तहसील बमहानीदीह, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.08 एकड |


दिनांकः 20.02.2025 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

### दूसरे चरण का मतदानः निर्विघ्न रूप से संपन्न, बालोद ब्लॉक के सभी 189 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं बिना किसी अवरोध के संपन्न हुआ मतदान

# सीईओ जिला पंचायत डॉ. कन्नौजे ने सिवनी के मतदान केंद्र क्रमांक 124 में पत्नी के साथ पहुंचकर किया मताधिकार का प्रयोग

## युवा, बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग सहित सभी वर्गों के मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के बालोद ब्लॉक में गुरुवार को दूसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। दूसरे चरण के अंतर्गत बालोद ब्लॉक के सभी 189 मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। बालोद ब्लॉक के सभी मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। जिले में दूसरे चरण के अंतर्गत आज जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी मतदान केन्द्रों में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी कड़ी में जिला पंचायत के सीईओ एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के रिटर्निंग आफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 124 में सपत्नीक पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दूसरे चरण के अंतर्गत संपन्न मतदान के दौरान युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित महिला मतदाताओं के अलावा सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज संपन्न मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

**बुजुर्गों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग**-इसके अंतर्गत ग्राम झलमला के मतदान केन्द्र में युवा मतदाता वैभव सिंह, दीपा, देवश्री, कनिष्का एवं देविका ने मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन सभी युवा मतदाताओं ने इस अवसर को अपने लिए अत्यंत रोमांचकारी बताते हुए कहा कि उन्हें आज अपने मताधिकार के प्रयोग के माध्यम से निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनने से उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। इसके साथ ही अपने शारीरिक असमर्थता के बावजूद दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने में पीछे नही रहे। इसी कड़ी में ग्राम सिवनी के मतदान केन्द्र में 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता बसंता बाई एवं 72 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता संतरी बाई ने भी अपने परिजनों के सहायता से मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर जिले के सभी मतदाताओं को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

**बैठक एवं छाँव की व्यवस्था की गई थी**-मतदान के दौरान ग्राम नेवारीकला के मतदान केन्द्र क्रमांक 51 में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता हेमलाल निर्मलकर ने अपने शारीरिक अक्षमता के बावजूद अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। ग्राम सिवनी के मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाताओं ने छांव में विश्राम कर अपनी बारी आने पर क्रमशः अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सिवनी मतदान केन्द्र की सराहना वहाँ उपस्थित युवा मतदाता पिंटू देवांगन, गजेन्द्र, मिलेश पटेल, विवेक सिन्हा और समारू नेताम ने करते हुए यहाँ की व्यवस्था को बहुत ही सराहनीय बताया।

**पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की तैनातगी की गई थी सुनिश्चित**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं पुलिस के आला अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लगातार दौरा कर मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। जिला एवं पुलिस प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी एवं रिजर्व मतदान दलों की तैनातगी भी सुनिश्चित की गई थी। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्ति के पश्चात् मतदान अधिकारियों के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूरी करने के पश्चात् निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना के कार्य को आरंभ कर दिया गया।

# लावारिस बीमार मवेशी का पशु चिकित्सा विभाग ने किया त्वरित उपचार

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला मुंगेली के ग्राम करही में मुख्य मार्ग पर जिला एवं सत्र न्यायालय के समीप एक लावारिस गाय के बीमार होने की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। इसके बाद, गाय को नगर पालिका मुंगेली के काउ कैचर की सहायता से पण्डरभट्ठा गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया, जहां उसका आगे इलाज किया जा रहा है। गाय के उपचार में अतिरिक्त उप संचालक डॉ. डी. के. सारस्वत एवं सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारी अनिल सोनी का विशेष सहयोग रहा। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि गाय फूड पॉइजनिंग से पीड़ित थी। अधिक मात्रा में बचा हुआ भोजन खाने से मवेशियों को यह बीमारी हो जाती है, जो कई बार घातक भी साबित होती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा, शादी-विवाह या अन्य आयोजनों के बाद बचे हुए भोजन को खुले में न फेंकें। इसे किसी गड्ढे में डालें या उचित तरीके से निपटान करें, ताकि लावारिस मवेशियों को अनावश्यक खतरा न हो।

### 'बीमार या घायल पशु दिखे तो करें संपर्क'

पशु चिकित्सा विभाग ने आमजन से अनुरोध किया है कि यदि कहीं कोई अस्वस्थ या घायल पशु दिखे, तो तुरंत मोबाइल नंबर 9827167241 पर सूचना दें, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। विभाग मवेशियों की देखभाल और उनके उपचार के लिए तत्पर है।

# त्रि स्तरीय चुनावों मे जीते प्रत्याशियों को कलेक्ट्रेट परिसर मे दिया गया प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली ब्लाक मे हुए त्रि स्तरीय चुनावों मे जीते प्रत्याशीयो को कलेक्ट्रेट परिसर मे प्रमाण पत्र दिया गया, बता दे कि बीते 17 फरवरी को मुंगेली ब्लाक मे आनेवाला 25 जनपद, 4 जिला पंचायत सहित 324 पंचायतो मे मतदान हुआ था,, जिसमे जिला पंचायत मे जीते सदस्यों की आधिकारिक घोषणा 20 फरवरी को करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। जिन विजयी घोषित प्रत्याशीयो को प्रमाण पत्र मिला उनमे पंद्रभाठा से लक्ष्मी कांत भास्कर, सेतगंगा से रजनी मानिक सोनवानी, धरमपुरा से उमाशंकर साहू, दसरंग पुर से श्रीकांत पाण्डेय शामिल है। लक्ष्मी कांत भास्कर ने निकाला आभार रैली - जीत के बाद लक्ष्मी कांत भास्कर ने भव्य आभार रैली निकाल मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की क्षेत्र की देव तुल्य जनता का आशीर्वाद एवं समर्थन प्राप्त हुआ है, यह क्षेत्र के जनता की जीत है जिन्होंने मुझे इस लायक समझा और आशीर्वाद दिया।

# नवविवाहित भाई-बहन ने किया मतदान लोकतंत्र को मजबूत करने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के तहत जनपद पंचायत लोरमी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। इसी कड़ी में ग्राम अखरार के मतदान केन्द्र क्रमांक 04 में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब नवविवाहित युवक मिथलेश जायसवाल और उनकी बहन महारानी जायसवाल ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मिथलेश जायसवाल की शादी हाल ही में 18 फरवरी को संपन्न हुई थी, जबकि उनकी बहन महारानी की बारात आज ही आने वाली है। बावजूद इसके, दोनों ने पहले अपने नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता दी और मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की पहल की। खास बात यह रही कि महारानी जायसवाल ने दुल्हन के पारंपरिक परिधान में मतदान किया, जिससे अन्य मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरणा मिली।

मतदान के बाद दोनों ने कहा, मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

# लोक अदालत 8 मार्च को, सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 08 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर में 19 फरवरी को बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बैंकों को प्री-लिटिगेशन प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाने तथा मिलने वाली छूट की जानकारी पक्षकारगण को देने के संबंध में चर्चा की गई, जिससे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा होने वाले प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के छूट का लाभ मिले और अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा सके।

इस अवसर पर अध्यक्ष व प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंचन लता आचला, बीमा कंपनी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा संबंधित संस्थाओं के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# रामानुजगंज के संजीवनी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला व्याख्याता का निधन

## शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि के उपरांत अवकाश घोषित किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय की अतिथि व्याख्याता कामिनी सिंह 33 वर्ष का बुधवार की रात लगभग 8 बजे इलाज के दौरान संजीवनी हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पूरे महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय में शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि उपरांत अवकाश घोषित किया गया। गौरतलब है की कामिनी सिंह ने 8 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में अर्थशास्त्र की सहायक अध्यापक के रूप में पदभार ग्रहण कर अपनी सेवाएं दे रही थी। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या रोज लिली बड़ा को फोन कर बताया कि तबीयत ठीक नहीं लग रहा है इसलिए मैं विद्यालय नहीं आ पाऊंगी अस्पताल जा रही हूं। तत्पश्चात दोपहर के समय उन्होंने पुनः फोन कर उन्हें बताया कि मैं अस्पताल नहीं जा पा रही हूं। इसके बाद प्राचार्या सहायक प्राध्यापक रमेश खैरवार व अन्य सहयोगी उनके क्वार्टर में पहुंचे और उन्हें तत्काल संजीवनी हॉस्पिटल में लेकर गए जांच उपरान्त वहां के डॉक्टरों ने बताया कि इनकी बीपी अत्यधिक लो हों गई है और इलाज शुरू कर दिया लेकिन रात्रि गरीब 8:00 बजे के लगभग उनका निधन हो गया। निधन की खबर जैसे ही विद्यार्थियों को लगी तो उन्होंने बताया कि एक दिन पूर्व ही कामिनी सिंह ने महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रतियोगिताओं का नेतृत्व करते हुए पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया था।

उनके इस आकस्मिक निधन से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को गहरा सदमा पहुंचा है। कामिनी सिंह पामगढ़ जांजगीर चंपा की रहने वाली थी और उनके पिता सरोजन सिंह छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सनवाल में पदस्थ थे वर्तमान में उदयपुर में कार्यरत है और उनकी बीमारी के खबर लगते ही संजीवनी हॉस्पिटल पहुंच गए थे मौत उपरांत वह अपने पुत्री को अपने साथ ले गए कामिनी सिंह का 3 साल की बच्ची भी बताई जा रही है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म भुलाबे झन मया ल आज से सिनेमाघरों में, पारिवारिक मूल्यों का अनूठा संदेश







पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी सिनेमा की नई पेशकश, भुलाबे झन मया ल 21 फरवरी से बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की पवित्र परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों और संघर्षों की ऐसी कहानी है, जो हर दर्शक के दिल को छू जाएगी। यह कहानी एक ग्रामीण लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने साहस और मेहनत के बल पर हर चुनौती का सामना करती है। परिवार और समाज की बाधाओं के बावजूद, वह अपने जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है और अपने गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन का पिटारा है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मूल्यों का एक गहरा संदेश भी देती है। फिल्म हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की खुशबू बड़े पर्दे पर जीवंत करती है। फिल्म में छत्तीसगढ़ की परंपराओं और रीति-रिवाजों को बेहद खूबसूरती से चित्रित किया गया है। यह सिनेमा अपने क्षेत्रीय संदर्भ को इतने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है कि दर्शक इससे गहराई से जुड़ जाएंगे।

**कलाकार और निर्माण टीम**-इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार रामेश्वरी पटनायक, पारितोष सिंह बघेल, पुष्पा सांडिल्य, नरेंद्र काबरा, विनय अम्बष्ट, दीपा महंत, पहेली चौहान, बबली महंत, पुष्पा रोज, सौम्या मानिकपुरी, सूरज श्रीवास, ओम साहू, घनश्याम श्रीवास, तरुण बघेल, भानुमति, मनोहर लाल, जितेंद्र वर्मा, नागेश ठाकुर, ऋषभ, पुरुषोत्तम कश्यप, सीमा तिवारी, भरत लाल राठौर, धरम साहू, लक्ष्मण दास महंत, शिव शंकर कटकवार, अनुरुद्ध चंद्र, कृष्ण कुमार चंद्रा ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। इस फिल्म के निर्माता पुरुसोत्तम कश्यप, गीत संगीतः सोनादास, राघवेंद्र वैष्णव, लक्ष्मी करियारे, कैमराः रविनारायण बेहरा। स्वरः सुनील सोनी, चंपा निषाद, ज्योति कंवर, अश्वनी। संपादनः मुकेश स्वर्णकार। कोरियोग्राफीः दिलीप बैश। कथा, पटकथा और निर्देशनः क्रांति शर्मा। फिल्म प्रचारः पीपुल्स मीडिया समूह।

## 22 मार्च को पुराना बस स्टैंड जैन भवन में निःशुल्क शिविर का होगा आयोजन

# रोटरी क्लब कोरबा द्वारा बैट्री संचालित 50 हाथों का किया जाएगा वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com




रोटरी क्लब ऑफ कोरबा गत 50 दशकों से लगातार कोरबा में समाजसेवा के कार्य करता आ रहा है। पिछले 2-3 वर्षों से विकलांगता के क्षेत्र में रोटरी क्लब कोरबा में विशेष रूप कार्य कर रहा है। 2 वर्ष पूर्व कृत्रिम अंग का वितरण किया गया था, जिसमें जरूरतमंदों को 100 हाथ और 100 पैर लगाए गए थे। लाभार्थी पूरे भारतवर्ष से आए और वह व्यक्ति जो कई वर्षों से नहीं चला था उसे भी पैर लगा कर चलाया गया, जिससे उसकी खुशी देखते ही बनती थी। इसके बाद दिव्यांगों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमे 11 जोड़ों को पूरे समारोह और वैदिक पद्धतियों से परिणय सूत्र में बांधा गया। अब 22 मार्च 2025 को फिर से 50 हाथों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ये हाथ पहले लगाये गए हाथ से विकसित हैं और इनका निर्माण भारत वर्ष में हो रहा है। पहले वाले हाथ मैकेनिकल थे जबकि ये हाथ बैटरी संचालित हाथ हैं, जिससे इस हाथ की उपयोगिता और बढ़ जाती है इसे इनाली कंपनी बना रही है जो की गुजरात बेस्ड कंपनी है। इस हाथ की विशेषता यह है कि यह वजन में हल्का है, प्राकृतिक हाथ जैसा ही दिखता है और इससे रोजमर्रा के काम आसानी से किये जा सकते हैं। इसे निकलना और लगाना अत्यंत आसान है। उन्होंने बताया कि इस कैम्प का आयोजन पुराना बस स्टैंड में जैन भवन में किया जाएगा। कैम्प के लिए मरीजों के पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं, जिसमें पारस जैन, संजय अग्रवाल, और नितिन चतुर्वेदी रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। इनसे मोबाइल नम्बर 9713100080, 7000287575 एवं 7000217127 में कॉल करके अपना पंजीयन करवा सकते हैं। जिसके लिए आपको आपका आधार कार्ड और अपनी फोटो जिसमे आपका कटा हुआ हाथ स्पष्ट दिख रहा हो भेजना होगा।

यह पूरी तरह मुफ्त सेवा है। उन्होंने बताया जाता यदि आपके हाथ कोहनी से उपर कटे हुए हैं तो आपको यह हाथ नहीं लग सकता है। इस हाथ के लिए कोहनी के बाद कम से कम 4 इंच का हाथ होना चाहिए तभी इसे लगाया जा सकेगा। प्रेस कांफ्रेंस में शरद शेठ जामनगर गुजरात से पहुंचे जोकि कई वर्षों से इस कार्य से जुड़े हुए हैं और लगातार पूरे भारत वर्ष में इस पावन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। ज्ञात हो की रोटरी के सभी सदस्यों के साथ कोरबा रोटरी के अध्यक्ष मुकेश जैन और सचिव धर्मेंद्र जैन एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय बुधिया इस पावन कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में लगे हुए हैं। क्लब का सभी सामाजिक संगठनों, समाज सेवकों और प्रतिष्ठित लोगों से अपील है की इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### पामगढ़ विधायक ने शिवरीनारायण माघ पूर्णिमा मेला की अवधि को दो दिन बढ़ाने कलेक्टर से मांग की

**शिवरीनारायण।** इस वर्ष शिवरीनारायण का माघ पूर्णिमा मेला 12 फरवरी से प्रारंभ हुआ है जो 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलना है। लेकिन इस वर्ष नगर व जिले के अधिकारी व कर्मचारी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तारीय पंचायत चुनाव के कार्यों में लगे होने के कारण शिवरीनारायण मेले में दुकान, मनोरंजन गृह, टाकिज, मीनाबाजार इत्यादि लेकर आने वाले संचालको को समय पर भूमि आदि का आबंटन नही हो पाने तथा मेला में अव्यवस्था तथा पंचायत चुनाव के कारण मेला बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है जिसके कारण मेला में आए दुकानदारों को काफी क्षति हुई है। इस क्षति की भरपाई हेतु व्यापारियों के निवेदन पर पामगढ़ विधानसभा के कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने कलेक्टर जांजगीर चाम्पा से शिवरीनारायण माघ पूर्णिमा मेला की अवधि को दो दिन अर्थात 28 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है ।

# महाशिवरात्रि भोले बाबा की निकलेगी बारात रात्रि में होगी भांग के प्रसाद का वितरण

## जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि की पर्व



**मुंगेली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर समिति द्वारा जोरों से तैयारी भी शुरू कर दिया है। जय श्री महाकाल सेवा समिति मुंगेली द्वारा भोलेबाबा जी की बारात निकालने को लेकर तैयारी कर रहे है। जय श्री महाकाल सेवा समिति के सदस्य दीना सोनी ने बताया कि 26 फरवरी को प्रातः 11 भोलेबाबा जी की बारात प्रस्थान शंकर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी बैल, भूत-प्रेत, गणों और शिवभक्तों की जीवंत झांकियां के साथ गुज़रते हुए खर्राघाट मंदिर पहुँचेगी। तो वहीं जिले के प्राचीन शंकर मंदिर मल्लाह पारा में रात्रि में भांग का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# सीएम विष्णु देव साय से भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने की भेंट

## छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास को मिलेगा नया आयाम: आईओए विशेषज्ञ दल छत्तीसगढ़ आकर खिलाड़ियों को देगा मार्गदर्शन

**पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली/रायपुर**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद पी. टी. उषा ने सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास, युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए राज्य की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है।

### आईओए का विशेषज्ञ दल देगा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण

बैठक के दौरान पी. टी. उषा ने छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा एक विशेष प्रतिनिधिमंडल भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दल में विभिन्न खेलों के अनुभवी कोच और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो स्थानीय खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए प्रशिक्षित करेंगे और उनकी खेल तकनीकों को निखारने में सहायता करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उषा ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की और इसे भारत के खेल प्रोत्साहन मॉडल के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।

### बस्तर ओलंपिक और अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन जैसे आयोजन खेल प्रतिभाओं को देंगे नई उड़ान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए विशेष खेल आयोजनों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 'बस्तर ओलंपिक' का आयोजन किया गया, जिसमें 1.65 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना था। उन्होंने बताया कि 2 मार्च 2025 को 'अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 5000 से अधिक युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठित मैराथन को तीन श्रेणियों 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर में आयोजित किया जाएगा।

# सेरीखेड़ी पहुंचे कलेक्टर, मतदान व्यवस्था का लिया जायजा



**पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर**
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के मद्देनजर धरसींवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेरीखेड़ी में चल रहे द्वितीय चरण के मतदान का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्था तथा मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। इस दौरान एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, सीईओ जिला पंचायत तथा रिटर्निंग अधिकारी विश्वदीप उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्रकार स्व. मधुकर खेर की जयंती पर किया स्मरण

**पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्रकार स्वर्गीय मधुकर खेर की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हिंदी और अंग्रेजी पत्रकारिता को समृद्ध करने में उनका योगदान अमूल्य है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्व. मधुकर खेर ने अपनी निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने, जनसमस्याओं को सामने लाने और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने का कार्य किया। उनकी लेखनी न केवल सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रही, बल्कि जनचेतना को प्रखर बनाने का माध्यम भी बनी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खेर का समर्पण और उनकी पत्रकारिता की विरासत आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। उनके विचार, सिद्धांत और मूल्य हमें निष्पक्ष, सशक्त और समाजोन्मुखी पत्रकारिता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## राजस्व मंत्री वर्मा ने तुलसी में किया मतदान



**रायपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के द्वितीय चरण में तुलसी (नेवरा) के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर स्थित मतदान केंद्र में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने वोट डालकर अपना दायित्व निभाया। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी अनुरोध किया है कि अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करें और अपने गाँव के विकास को गति देने में अपना योगदान दें।

# श्रीमद् भागवत कथा : विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया










**पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर**
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी हाउस मोवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को विधि-विधान से हवन पूजन कर भगवान का प्रसाद वितरण किया गया। कथा के अंतिम दिन भंडारा का भी आयोजन किया गया।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403